بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ   نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ   وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

साप्ताहिक
बदर
क़ादियान
Weekly Badar Qadian
HINDI

अल्लाह तआला का आदेश

وَاعۡبُدُوا اللّٰہَ وَلَا تُشۡرِکُوۡا بِہٖ شَیۡـًٔا وَّبِالۡوَالِدَیۡنِ اِحۡسَانًا وَّبِذِی الۡقُرۡبٰی وَالۡیَتٰمٰی وَالۡمَسٰکِیۡنِ وَ
الۡجَارِ ذِی الۡقُرۡبٰی وَالۡجَارِ الۡجُنُبِ وَالصَّاحِبِ بِالۡجَنۡۢبِ وَابۡنِ السَّبِیۡلِ ۙ وَمَا مَلَکَتۡ اَیۡمَانُکُمۡ ؕ اِنَّ اللّٰہَ لَا
یُحِبُّ مَنۡ کَانَ مُخۡتَالًا فَخُوۡرَا ۔   (النساء:۳۷)

अनुवाद: और अल्लाह की इबादत करो और किसी भी चीज़ को उसका साझी न ठहराओ। और माता-पिता के साथ भलाई करो, और क़रीबी रिश्तेदारों के साथ भी, और यतीमों के साथ भी, और ग़रीब (मिस्कीन) लोगों के साथ भी, और रिश्तेदार पड़ोसियों के साथ भी, और गैर-रिश्तेदार पड़ोसियों के साथ भी, और अपने साथ बैठने वालों (साथियों) के साथ भी, और मुसाफिरों के साथ भी, और उनके साथ भी जो तुम्हारे दाहिने हाथ के मालिकाना हक़ में हों। निश्चय ही अल्लाह उस व्यक्ति को पसंद नहीं करता जो घमंडी हो और डींगें मारने वाला हो।

संपादक : शेख मुजाहिद अहमद | उप संपादक : सय्यद मोहियुद्दीन फ़रीद   वर्ष- 11 | अंक -34-35   06-13 रबीउल अव्वल 1448 हिज्री कमरी, 20-27 ज़हूर 1405 हिज्री शम्सी, 20-27 अगस्त 2026 ई.



आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

عَنۡ أَبِي هُرَيۡرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللّٰهِ صَلَّى اللّٰهُ عَلَيۡهِ وَسَلَّمَ: "إِنَّ اللّٰهَ عَزَّ وَجَلَّ يَقُولُ يَوۡمَ الۡقِيَامَةِ: يَا ابۡنَ آدَمَ، مَرِضۡتُ فَلَمۡ تَعُدۡنِي، قَالَ يَا رَبِّ: كَيۡفَ أَعُودُكَ وَأَنۡتَ رَبُّ الۡعَالَمِينَ؟ قَالَ: أَمَا عَلِمۡتَ أَنَّ عَبۡدِي فُلَانًا مَرِضَ فَلَمۡ تَعُدۡهُ؟ أَمَا عَلِمۡتَ أَنَّكَ لَوۡ عُدۡتَهُ لَوَجَدۡتَنِي عِنۡدَهُ؟ يَا ابۡنَ آدَمَ، اسۡتَطۡعَمۡتُكَ فَلَمۡ تُطۡعِمۡنِي، قَالَ يَا رَبِّ: وَكَيۡفَ أُطۡعِمُكَ وَأَنۡتَ رَبُّ الۡعَالَمِينَ؟ قَالَ: أَمَا عَلِمۡتَ أَنَّهُ اسۡتَطۡعَمَكَ عَبۡدِي فُلَانٌ؟ فَلَمۡ تُطۡعِمۡهُ، أَمَا عَلِمۡتَ أَنَّكَ لَوۡ أَطۡعَمۡتَهُ لَوَجَدۡتَ ذَلِكَ عِنۡدِي؟ يَا ابۡنَ آدَمَ، اسۡتَسۡقَيۡتُكَ فَلَمۡ تَسۡقِنِي، قَالَ يَا رَبِّ: كَيۡفَ أَسۡقِيكَ وَأَنۡتَ رَبُّ الۡعَالَمِينَ؟ قَالَ: اسۡتَسۡقَاكَ عَبۡدِي فُلَانٌ، فَلَمۡ تَسۡقِهِ، أَمَا إِنَّكَ لَوۡ سَقَيۡتَهُ وَجَدۡتَ ذَلِكَ عِنۡدِي؟   (مسلم كتاب البر والصلة باب فضل عيادة المريض)

हज़रत अबू हुरैरा (रज़ि.) से रिवायत है कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) ने फ़रमाया कि अल्लाह तआला क़यामत के दिन फ़रमाएगा, "ऐ आदम के बेटे! मैं बीमार था, लेकिन तुमने मेरी बीमारी में मेरी ख़ैरियत पूछने नहीं आए।" बंदा कहेगा, "ऐ मेरे रब! मैं तेरी ख़ैरियत कैसे पूछता, जबकि तू सारे जहानों का पालनहार है?" अल्लाह तआला फ़रमाएगा, "क्या तुम्हें मालूम नहीं था कि मेरा अमुक बंदा बीमार था, लेकिन तुम उसकी ख़ैरियत पूछने नहीं गए। क्या तुम्हें यह पता नहीं था कि अगर तुम उसकी ख़ैरियत पूछने जाते, तो मुझे उसके पास पाते।" "ऐ आदम के बेटे! मैंने तुमसे खाना माँगा था, लेकिन तुमने मुझे खाना नहीं दिया।" इस पर आदम का बेटा कहेगा, "ऐ मेरे रब! मैं तुझे कैसे खाना खिलाता, जबकि तू तो सारे जहानों का पालनहार है।" अल्लाह तआला फ़रमाएगा, "क्या तुम्हें याद नहीं कि मेरे अमुक बंदे ने तुमसे खाना माँगा था, लेकिन तुमने उसे खाना नहीं खिलाया। क्या तुम्हें मालूम नहीं था कि अगर तुम उसे खाना खिलाते, तो उसका सवाब मेरे पास पाते।" "ऐ आदम के बेटे! मैंने तुमसे पानी माँगा था, लेकिन तुमने मुझे पानी नहीं पिलाया।" आदम का बेटा कहेगा, "ऐ मेरे रब! मैं तुझे कैसे पानी पिलाता, जबकि तू ही सारे जहानों का पालनहार है।"

इस पर अल्लाह तआला फ़रमाएगा, "मेरे अमुक बंदे ने तुमसे पानी माँगा था, लेकिन तुमने उसे पानी नहीं पिलाया। अगर तुम उसे पानी पिलाते, तो उसका सवाब मेरे पास पाते।"



हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद क़ादियानी अलैहिस्सलाम इमाम मेहदी - मसीह मौऊद का उपदेश

मानव जाति से सहानुभूति करो:

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं:

"इस बात को अच्छी तरह याद रखो कि अल्लाह तआला के दो हुक्म हैं। पहला यह कि उसके साथ किसी को साझी न ठहराओ—न उसकी ज़ात में, न उसकी सिफ़ात (गुणों) में और न उसकी इबादत में। दूसरा यह कि पूरी मानव जाति से सहानुभूति करो और भलाई करो। भलाई से यह मतलब नहीं कि केवल अपने भाइयों और रिश्तेदारों के साथ ही अच्छा व्यवहार करो, बल्कि कोई भी हो—आदम की संतान हो और अल्लाह तआला की मख़लूक़ (सृष्टि) में से कोई भी हो। यह मत सोचो कि वह हिन्दू है या ईसाई।

मैं तुमसे सच कहता हूँ कि अल्लाह तआला ने तुम्हारे साथ न्याय करने का अधिकार अपने हाथ में रखा है। वह नहीं चाहता कि तुम स्वयं न्याय करो। तुम जितनी अधिक नरमी अपनाओगे और जितनी अधिक विनम्रता और नम्र स्वभाव दिखाओगे, अल्लाह तआला उतना ही तुमसे प्रसन्न होगा। अपने दुश्मनों का मामला अल्लाह तआला पर छोड़ दो। क़यामत निकट है। दुश्मन तुम्हें जो तकलीफ़ें देते हैं, उनसे तुम्हें घबराना नहीं चाहिए। मैं देखता हूँ कि अभी तुम्हें उनसे बहुत दुख सहना पड़ेगा, क्योंकि जो लोग सभ्यता की सीमा से बाहर निकल जाते हैं, उनकी ज़बान इस तरह चलती है जैसे कोई पुल टूट जाए और अचानक बाढ़ आ जाए। इसलिए एक धर्मपरायण व्यक्ति को चाहिए कि वह अपनी ज़बान पर काबू रखे।"   (अल-हकम, 24 जनवरी 1907, मलफ़ूज़ात, जिल्द 5, पृष्ठ 130)

वह नेकी का वह दर्जा भी हासिल करो कि पूरी मानव जाति तुम्हें अपनी संतान जैसी दिखाई देने लगे

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु, सूरह अन-नहल की आयत संख्या 91 की तफ़सीर बयान करते हुए फ़रमाते हैं:

"जब इंसान किसी पर एहसान करता है तो उसके मन में यह विचार होता है कि अमुक व्यक्ति ने मेरे साथ अच्छा व्यवहार किया है, इसलिए मैं उसे उससे भी अच्छा बदला दूँ, ताकि मेरी अच्छी प्रतिष्ठा बने। या जब वह किसी गुनाहगार की गलती माफ़ करता है तो उसके मन में यह ख़याल आ जाता है कि यदि मैं इसके साथ अच्छा व्यवहार करूँगा तो इसके दिल से दुश्मनी निकल जाएगी और यह मेरा मित्र बनकर मेरी शक्ति बढ़ाने का कारण बनेगा।

लेकिन एक माँ जब अपने बच्चे से प्रेम करती है और उसके लिए त्याग करती है, तो उसमें बदले की ज़रा भी इच्छा नहीं होती। बल्कि उसके प्रेम की बुनियाद उसके अपने त्याग पर ही होती है। जब किसी स्त्री के यहाँ संतान नहीं होती तो उसके मन में यह विचार नहीं आता कि काश मेरा बेटा होता तो वह मेरी सेवा करता। बल्कि उसे संतान की इच्छा इस भावना के साथ होती है कि मैं उसे पालती, उसकी सेवा करती, उसे कपड़े पहनाती, उसका विवाह कराती और उसके बच्चों को खिलाती। संक्षेप में, जब एक माँ के मन में संतान की इच्छा पैदा होती है तो उसके दिल में उससे सेवा लेने का सबसे छोटा भी विचार नहीं होता। बल्कि इस इच्छा का कारण संतान की सेवा करने का उत्साह होता है।

यही नेकी की वह भावना है जो मनुष्य के लिए सबसे बड़ी नेकी है। और इसे प्राप्त करने के बाद ही मनुष्य का नैतिक जीवन पूर्ण होता है। अल्लाह तआला फ़रमाता है कि जब तुम एहसान का दर्जा हासिल कर लो, जहाँ तुम्हें लेने से अधिक देने की इच्छा होती है, तब नेकी का वह ऊँचा दर्जा भी प्राप्त करो कि पूरी मानव जाति तुम्हें अपनी संतान जैसी दिखाई देने लगे और उनकी सेवा का उत्साह तुम्हारे दिल में उसी तरह उमड़ने लगे, जैसे एक माँ के दिल में अपने बच्चे के लिए प्रेम हमेशा उमड़ता रहता है।"

(तफ़सीर-ए-कबीर, जिल्द 6, पृष्ठ 169, प्रकाशित यूके)

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनसिहिल अज़ीज़ सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़्ल नाज़िल करता रहे। आमीन

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

मजलिस-ए-इरफ़ान का एक वैश्विक कार्यक्रम

जब से अल्लाह तआला की अनुमति से जमाअत-ए-अहमदिया की स्थापना हुई है, तब से जमाअत की तरबियत (प्रशिक्षण) के लिए "मजलिस-ए-इरफ़ान" ने एक बुनियादी भूमिका निभाई है। यह मजलिस-ए-इरफ़ान हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ज़माने में शुरू हुई थी। उस समय हुज़ूर के मुबारक इरशाद उसी समय लिख लिए जाते थे और फिर उन्हें अख़बार अल-हकम और अल-बदर में प्रकाशित किया जाता था। यही मजलिस-ए-इरफ़ान बाद में मलफ़ूज़ात हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के रूप में प्रकाशित हुई। इसके बाद हज़रत अक़्दस ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत अक़्दस ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत अक़्दस ख़लीफ़तुल मसीह सालिस रज़ियल्लाहु अन्हु तथा हज़रत अक़्दस ख़लीफ़तुल मसीह राबे रहिमहुल्लाह तआला के मुबारक दौर की मजलिस-ए-इरफ़ान भी जमाअत के अख़बारों और पुस्तकों में प्रकाशित हैं तथा सोशल मीडिया पर भी उपलब्ध हैं।

हज़रत अक़्दस अमीरुल मोमिनीन ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला के मुबारक दौर में यह मजलिस-ए-इरफ़ान प्रत्येक सप्ताह एम.टी.ए. के कार्यक्रम "This Week With Huzur Anwar" के अंतर्गत प्रसारित होती है और सोशल मीडिया पर भी उपलब्ध है।

हर दौर में "मजलिस-ए-इरफ़ान" ऐसा कार्यक्रम रहा है, जिससे जमाअत के सदस्यों को तरबियत, तबलीग़, शिक्षा और प्रशासन से संबंधित अनेक प्रकार का मार्गदर्शन मिलता रहा है। कई बार किसी राजनीतिक या विद्वान व्यक्ति की भी हुज़ूर से मुलाक़ात होती है और हुज़ूर उन्हें उनके देश के बारे में, उनके ज्ञान के बारे में तथा दुनिया में फैली अशांति को दूर करने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। संक्षेप में यह एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है, जो प्रत्येक श्रोता के लिए अत्यंत उपयोगी मार्गदर्शक है।

बदर के पाठकों में इस कार्यक्रम के प्रति रुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से, उदाहरण के रूप में 2 जनवरी 2026 को हुई उस मुलाक़ात का सार प्रस्तुत किया जा रहा है, जो हुज़ूर अनवर ने अमेरिका के वर्जीनिया के ख़ुद्दाम के साथ की।

उस अवसर पर पहला प्रश्न किया गया कि:

दुनियावी शिक्षा के साथ जमाअत की पुस्तकों का अध्ययन कैसे किया जा सकता है?

हुज़ूर अक़्दस ने फ़रमाया: दिन में 24 घंटे होते हैं। यदि कोई व्यक्ति 6 घंटे सोए, 2 घंटे खाने में लगाए, 2 घंटे नमाज़ों में लगाए, विश्वविद्यालय की पढ़ाई में 7 घंटे लगाए और वापस आने के बाद 2-3 घंटे पढ़ाई करे, तो भी उसके पास 4 घंटे बचते हैं। क्या उनमें से आधा घंटा भी नहीं निकाला जा सकता? यदि तुम चाहो तो समय निकाल सकते हो। यदि यह कहो कि मैं थक गया हूँ, तो इसका अर्थ है कि दुनिया तुम्हारी पहली प्राथमिकता बन गई है। इसलिए अपने जीवन को व्यवस्थित करो। यदि अध्ययन के लिए आधा घंटा भी निकाल सको तो ठीक है, और जब रुचि बढ़ जाएगी तो अधिक समय भी दिया जा सकता है।

दूसरा प्रश्न किया गया कि: मैं आदरणीय मौलाना अताउल्लाह कलीम साहब का पोता हूँ। यदि हुज़ूर को उनके संबंध में कोई याद हो तो कृपया बताने की कृपा करें।

हुज़ूर ने फ़रमाया: मैंने उनके साथ काम तो नहीं किया, लेकिन जितना मैंने देखा और सुना है, उसके अनुसार वे अत्यंत निस्वार्थ वक़्फ़-ए-ज़िंदगी थे। मैंने सुना है कि वे प्रतिदिन तहज्जुद की नमाज़ पढ़ते थे और जमाअत के लिए दुआएँ किया करते थे। तुम भी दुआ करो कि अल्लाह तआला मुझे भी नेक बनाए। दूसरी बात यह कि जिन दिनों उन्होंने घाना में सेवा की, उस समय वहाँ की परिस्थितियाँ अच्छी नहीं थीं। लेकिन उन्होंने कभी शिकायत नहीं की। वे हमेशा हँसते-मुस्कुराते रहते थे। यही कारण है कि आज तुम इस स्थान पर हो। इसलिए अल्लाह तआला पर भरोसा, नमाज़ें और दुआ बहुत आवश्यक हैं।

एक प्रश्न यह किया गया कि: ख़ाकसार क्षेत्रीय नाज़िम वकार-ए-अमल के रूप में सेवा कर रहा है। कुछ ख़ुद्दाम मेहनत वाले काम या ऐसे काम, जिनसे हाथ गंदे होते हैं, नहीं करते। ऐसे ख़ुद्दाम में वकार-ए-अमल की भावना कैसे पैदा की जाए?

हुज़ूर ने फ़रमाया: वकार-ए-अमल का अंग्रेज़ी नाम Dignity of Labour रखा गया है। उन्हें बताओ कि इसी में तुम्हारी गरिमा (Dignity) है। हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के बारे में प्रमाणित है कि ग़ज़वा-ए-अहज़ाब के अवसर पर आप स्वयं मिट्टी खोद रहे थे, बल्कि आपके पेट पर भी मिट्टी लगी हुई थी। ऐसे ख़ुद्दाम के सामने हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का उदाहरण प्रस्तुत करो और बताओ कि इससे सवाब भी मिलता है और स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है।

एक प्रश्न यह किया गया कि: मैं भविष्य में डॉक्टर बनना चाहता हूँ। हुज़ूर क्या मार्गदर्शन देंगे कि शिक्षा और पेशेवर सफलता के साथ-साथ धर्म और अल्लाह तआला से मजबूत संबंध कैसे बनाए रखें? हुज़ूर ने फ़रमाया: बहुत से अहमदी डॉक्टर हैं जो नमाज़ पढ़ते हैं और तहज्जुद भी पढ़ते हैं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के समय डॉक्टर अब्दुल सत्तार शाह साहब डॉक्टर थे और अस्पताल में काम करते थे। ये हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह राबे रहिमहुल्लाह तआला के नाना थे। वे डॉक्टरी भी करते थे और तबलीग़ भी करते थे।

उनका एक प्रसंग है कि एक दिन वे मस्जिद में तबलीग़ कर रहे थे। एक विरोधी ने मस्जिद का मिट्टी का लोटा उठाकर उनके सिर पर मार दिया, जिससे उनका सिर फट गया। वे अस्पताल गए और पट्टी करवाई। मारने वाला व्यक्ति बहुत डर गया। जब उसने माफ़ी माँगी तो उन्होंने कहा, "मैंने तुम्हें माफ़ कर दिया। अब मेरी तबलीग़ सुन लो।"

वह व्यक्ति बहुत प्रभावित हुआ कि मैंने इन्हें मारा, लेकिन इन्होंने मुझे माफ़ कर दिया और बड़े अच्छे व्यवहार से मुझसे बात भी कर रहे हैं। उसने समझा कि निश्चित रूप से अहमदियत सच्ची है। इसलिए उसने बैअत कर ली। इसी प्रकार तुम भी डॉक्टर बनने के बाद अपने मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करना।

हुज़ूर ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के सहाबी हज़रत ख़लीफ़ा रशीदुद्दीन साहब का एक प्रसंग भी सुनाया। फ़रमाया कि वे अंग्रेज़ों के समय सिविल सर्जन थे। वे इतनी अधिक आर्थिक कुर्बानी किया करते थे कि एक बार हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को उनसे कहना पड़ा कि कुछ नियंत्रण करें और अपने लिए भी कुछ रखें। बल्कि यहाँ तक फ़रमाया कि आपने इतनी आर्थिक कुर्बानी कर दी है कि अब यदि आप और न भी दें तो कोई अंतर नहीं पड़ेगा।

इसी प्रकार हुज़ूर ने हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु का उल्लेख करते हुए फ़रमाया कि वे भी हकीम थे। हिकमत (चिकित्सा) से जो कमाते थे, उसे इस्लाम की ख़ातिर खर्च कर देते थे। वे ग़रीबों की सेवा करते थे और उनसे हमदर्दी रखते थे। हुज़ूर ने फ़रमाया कि तुम भी ग़रीबों की सेवा करोगे तो अल्लाह भी प्रसन्न होगा और जमाअत की सेवा भी होगी। एक प्रश्न किया गया:

प्यारे हुज़ूर! दुनिया में राजनीतिक अन्याय के विरुद्ध आवाज़ कैसे उठाई जाए?

हुज़ूर ने फ़रमाया: जहाँ तक हमारी पहुँच है, वहाँ तक हम प्रयास कर रहे हैं। जहाँ तक मेरी पहुँच है, मैं कर रहा हूँ और जहाँ तक आपकी पहुँच है, आप करते रहें। मुझे अमेरिका में कैपिटल हिल में बोलने का अवसर मिला था। वहाँ मैंने उन्हें शांति की बातें बताईं। बाद में वहाँ के एक सीनेटर ने कहा कि जो बातें आप बता रहे हैं, वे बहुत अच्छी हैं और उनकी आवश्यकता भी है, लेकिन हम उन पर अमल नहीं कर सकते।

हुज़ूर ने फ़रमाया कि उनके अपने राजनीतिक उद्देश्य होते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए वे पैसे देकर भी अपने पक्ष में आवाज़ उठवाते हैं। जब न्याय के मापदंड अपने लिए कुछ और हों और दूसरों के लिए कुछ और, तो फिर वास्तविक न्याय कैसे स्थापित हो सकता है? इसलिए जहाँ तक संभव हो, अपने आसपास न्याय स्थापित करने का प्रयास करते रहें।

एक प्रश्न किया गया कि कुछ शिया (अहल-ए-तशीअ) लोग अहल-ए-बैत और आल-ए-रसूल को ख़िलाफ़त पर प्राथमिकता देते हैं। इस बारे में हुज़ूर का क्या इरशाद है?

हुज़ूर ने फ़रमाया: वे तो नुबुव्वत पर भी प्राथमिकता देते हैं। वे तो यहाँ तक कहते हैं कि हज़रत जिब्रील से गलती हो गई थी, वह्य (ईश्वरीय संदेश) हज़रत अली पर आनी थी, लेकिन वह हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर उतार दी गई।

हुज़ूर ने फ़रमाया कि ये लोग पहले तीनों ख़लीफ़ाओं को भी ग़लत कहते हैं। यह सवाल फ़ितना फैलाने वालों ने उठाया है। वे कहते हैं कि हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया था कि मेरे अहल-ए-बैत को प्राथमिकता दो, जबकि हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का आशय यह था कि जिस प्रकार तुम अपने क़रीबी रिश्तेदारों की बात ध्यान से सुनते हो, उसी प्रकार मेरी बातों को भी ध्यान से सुनो। लेकिन ये लोग इसकी ग़लत व्याख्या करते हैं।

कुछ वर्ष पहले एक शिया परिवार ने बैअत की। वे कहते हैं कि अहमदी बनने के बाद उन्हें पता चला कि हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से सच्चा प्रेम क्या होता है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया है कि चारों ख़लीफ़ा ख़ुलफ़ा-

शेष पृष्ठ 16 पर

इस्लाम और जमाअत अहमदिय्या के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें
नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा)
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web.www.alislam.org
www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

ख़ुत्बः जुमअः

सय्यदना अमीरुल मौ'मेनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 03 जुलाई 2026 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

अल्लाह तआला के आदेश और हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के आदर्श पर चलते हुए, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के जीवन में भी हमें गरीबों से प्रेम, उदारता और दानशीलता की बहुत-सी घटनाएँ मिलती हैं।

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ. أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ. بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ. اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ. الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ. مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ. إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ إِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ. اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ. صِرَاطَ الَّذِيْنَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ. غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातु वस्सलाम की दयालुता और उदारता की कुछ घटनाएँ

हज़रत शैख़ याक़ूब अली साहिब इरफ़ानी रज़ियल्लाहु अन्हु लिखते हैं कि

हुज़ूर अलैहिस्सलाम की उदारता एक अथाह समुद्र की तरह थी और आपका हाथ ऐसे बादल के समान था जो मोती बरसाता हो। अर्थात् मोती बरसाने वाले बादल की तरह बरसता था और सबको तृप्त कर देता था। रमज़ान के महीने में यह सिलसिला और भी अधिक बढ़ जाता था। हुज़ूर अलैहिस्सलाम छिपे हुए तरीक़ों से ज़रूरतमंदों की सहायता करते रहते थे। सबसे क़ीमती वस्तु भी किसी दूसरे को दे देने में आपको कभी कोई संकोच नहीं होता था।

आपका यह स्वभाव जीवन के हर दौर में दिखाई देता है। पैग़ंबरी का दावा करने और अल्लाह की ओर से नियुक्त होने से पहले भी यह गुण स्पष्ट रूप से मौजूद था। इसलिए मियाँ ग़फ़्फ़ारा साहिब (अब्दुल ग़फ़्फ़ार) कश्मीरी, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपकार और दयालुता का उल्लेख करते हुए बताते हैं कि जब उनका विवाह हुआ, तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने उनकी सहायता के लिए उन्हें दो क़ीमती गहने दे दिए। यह घटना उस समय की है जब आपने अभी अपना दावा नहीं किया था और एकांत जीवन व्यतीत कर रहे थे।

हज़रत शैख़ साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु लिखते हैं कि यह कोई अकेली घटना नहीं थी, बल्कि ऐसे बहुत-से उदाहरण हैं।

ऐसा कोई अवसर नहीं आया कि किसी ने आपसे कुछ माँगा हो और आपने उसे न दिया हो, या किसी की ज़रूरत को बिना उसके माँगे समझकर उसकी सहायता न की हो। आप वास्तव में करीम इब्ने करीम इब्ने करीम थे।

(संदर्भ: सीरत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातु वस्सलाम, हज़रत शैख़ याक़ूब अली साहिब इरफ़ानी रज़ियल्लाहु अन्हु, भाग तृतीय, पृष्ठ 312; सीरत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातु वस्सलाम, भाग द्वितीय, पृष्ठ 290; फ़िरोज़-उल-लुग़ात, पृष्ठ 52)

हज़रत बशीर अहमद साहिब भट्टी की माता जी बयान करती हैं कि एक बार हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफ़तुल मसीह सानी, हज़रत मिर्ज़ा महमूद अहमद रज़ियल्लाहु अन्हु के विवाह के अवसर पर एक मिरासी महिला ढोल लेकर हुज़ूर अलैहिस्सलाम के घर आ गई और ढोल बजाने लगी। उसका उद्देश्य कुछ प्राप्त करना था, क्योंकि विवाह का अवसर था और वहाँ ऐसा रिवाज भी था। जब हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने ढोल की आवाज़ सुनी तो तुरंत उधर ध्यान दिया और फ़रमाया कि उससे कहो कि ढोल बजाना बंद करे और जो कुछ वह माँगती है, उसे दे दो। इसलिए उसे चार-पाँच रुपये दे दिए गए। फिर उसने कहा कि अब सर्दियों का मौसम आ गया है और मुझे ठंड लगती है। तब आपने उसे एक रज़ाई भी दिलवा दी, लेकिन ढोल बजवाना बंद करवा दिया।

(संदर्भ: रिवायात-ए-असहाब-ए-अहमद, जिल्द 3, पृष्ठ 441)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं कि

"सबसे पहले यह बात समझ लेनी चाहिए कि हुज़ूर अलैहिस्सलाम को किसी विशेष प्रकार के कपड़े पहनने का शौक़ नहीं था। जीवन के अंतिम वर्षों में आपके पास साधारण और सिले-सिलाए कपड़े उपहार के रूप में बहुत आते थे। विशेषकर कोट, सदरी, पायजामा और क़मीज़ आदि, जिन्हें अक्सर शैख़ रहमतुल्लाह साहिब लाहौरी हर ईद और बकरीद पर भेंट के रूप में लाते थे। आप वही उपयोग करते थे। इनके अतिरिक्त कभी-कभी आप स्वयं भी कपड़े सिलवा लिया करते थे। पगड़ी प्रायः स्वयं ख़रीदकर बाँधते थे।

जिस प्रकार कपड़े बनते और उपयोग में आते थे, उसी प्रकार वे साथ-साथ दूसरों को भी दिए जाते रहते थे। हर समय लोग तबर्रुक के रूप में कपड़े माँगते रहते थे। कभी-कभी तो यह स्थिति हो जाती थी कि आप एक कपड़ा तबर्रुक के रूप में दे देते और उसी समय दूसरा सिलवाकर पहनना पड़ता। कुछ समझदार लोग अपना एक नया कपड़ा भेज देते और साथ में निवेदन करते कि हुज़ूर अपना पहना हुआ कपड़ा तबर्रुक के रूप में प्रदान कर दें।"

(सीरतुल महदी, जिल्द 1, भाग 2, पृष्ठ 416, रिवायत संख्या 447)

हज़रत मुफ़्ती मुहम्मद सादिक़ साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु लिखते हैं कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातु वस्सलाम ने उनसे फ़रमाया:

"मेरे पास एक छोटी-सी हमाइल (छोटा क़ुरआन शरीफ़) हुआ करती थी। उसका लिखावट भी बहुत साफ़ थी और वह मुझे बहुत पसंद थी। लेकिन एक व्यक्ति ने उसे माँग लिया, इसलिए मैंने उसे दे दिया ताकि किसी माँगने वाले को मना न करना पड़े।"

(ज़िक्र-ए-हबीब, हज़रत मुफ़्ती मुहम्मद सादिक़ साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु, पृष्ठ 138)

हज़रत क़ुरैशी शैख़ मुहम्मद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु, जो क़ादियान के रहने वाले थे और डाकघर में डाक पहुँचाने का काम करते थे, कहते हैं:

"एक बार मैं हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सेवा में बाँटने के लिए बहुत से मनीऑर्डर लेकर गया। उनकी राशि हुज़ूर को देने के बाद मैं शहर में डिलीवरी करने चला गया। लगभग चार बजे जब मैं डाकघर लौटा और पोस्टमास्टर को बाँटे हुए मनीऑर्डरों का हिसाब देने लगा, तो पता चला कि मुझसे गलती से कहीं छह रुपये अधिक दे दिए गए हैं।

मैं बहुत परेशान हुआ, क्योंकि हुज़ूर को जो राशि दी गई थी, वह भी बहुत अधिक थी। पोस्टमास्टर, जिसका नाम अल्लाह दित्ता था और जो एक कट्टर ग़ैर-अहमदी था, उसने कहा कि अच्छा होगा तुम जाकर मिर्ज़ा साहिब से पूछ लो।

मेरा मन नहीं था कि फिर जाकर हुज़ूर को तकलीफ़ दूँ, लेकिन उसके बार-बार कहने पर मैं गया और निवेदन किया कि हुज़ूर! आज मुझसे गलती से किसी को छह रुपये अधिक दे दिए गए हैं।

हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया:' मियाँ! मुझे तो यह भी याद नहीं कि कितनी राशि प्राप्त हुई थी और मैं तो उसमें से कुछ ख़र्च भी कर चुका हूँ।' अर्थात लोगों को दे भी चुका हूँ। 'लेकिन कोई बात नहीं, तुम ग़रीब आदमी हो। मैं यह रकम तुम्हें दे देता हूँ। आगे से सावधानी से काम किया करो, क्योंकि तुम ग़रीब हो।'

इस घटना से हुज़ूर अलैहिस्सलाम के श्रेष्ठ चरित्र, उदारता और ग़रीबों के प्रति करुणा का पता चलता है।"

(रिवायात-ए-असहाब-ए-अहमद, जिल्द 5, पृष्ठ 337–338)

हज़रत मीर मेहदी हुसैन साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं कि एक बार मौलवी मुहम्मद अहसन साहिब ने मुझसे 'चश्मा मसीही' की एक प्रति माँगी। मैंने कहा कि हज़रत साहिब अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया है कि इतनी प्रतियाँ दफ़्तर में अवश्य रहनी चाहिए, क्योंकि कभी-कभी सरकार प्रकाशित पुस्तकों की प्रतियाँ मँगवा लेती है। इसलिए अब कोई अतिरिक्त प्रति नहीं है जो आपको दी जा सके। यदि आप हज़रत साहिब से अनुमति ले लें तो मिल सकती है।

मौलवी साहिब ने हुज़ूर अलैहिस्सलाम की सेवा में पत्र लिखा। उसका सार यह था कि दफ़्तर में 'चश्मा मसीही' की केवल बीस प्रतियाँ बची हैं और मुझे एक प्रति की आवश्यकता है। यदि उचित समझें तो कृपया एक प्रति मुझे दे दी जाए।

हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: "आप एक प्रति ले लें।" और उसी पत्र पर यह आदेश लिखकर अपने हस्ताक्षर कर दिए।

(संदर्भ: रिवायात-ए-असहाब-ए-अहमद, जिल्द 3, पृष्ठ 479)

यहाँ एक ओर सहाबा की सच्चाई भी दिखाई देती है कि उन्होंने स्पष्ट बता दिया कि केवल इतनी प्रतियाँ बची हैं और मुझे एक चाहिए। दफ़्तर का नियम तो कुछ और है, लेकिन यदि कृपा हो जाए तो मिल सकती है। दूसरी ओर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की दयालुता भी स्पष्ट होती है कि यद्यपि वे प्रतियाँ भविष्य की आवश्यकता के लिए सुरक्षित रखी गई थीं, फिर भी आपने माँगने वाले को निराश नहीं किया।

हज़रत अक़्दस अलैहिस्सलाम के पास कभी-कभी पंडित मोहन लाल, जो उस समय एक बुद्धिमान युवक थे, पंडित लेखराम का कोई पत्र आदि लेकर आते थे। चूँकि पंडित मोहन लाल के परिवार का हज़रत अक़्दस अलैहिस्सलाम के परिवार से बहुत पुराना संबंध था, इसलिए जब भी वे लौटते, आप उन्हें कभी खाली हाथ नहीं जाने देते थे। कभी फल, कभी बढ़िया शक्कर या कोई और उपहार अवश्य देते थे। उस समय बढ़िया शक्कर भी एक विशेष उपहार मानी जाती थी।

पंडित मोहन लाल, जिनके परिवार से हज़रत शैख़ याक़ूब अली साहिब इरफ़ानी रज़ियल्लाहु अन्हु के भी पुराने मैत्री संबंध थे, उनसे उन दिनों की घटनाएँ सुनाते हुए हमेशा कहा करते थे:

"हज़रत साहिब मुझ पर बहुत कृपा करते थे। हमेशा मुस्कुराकर मिलते थे और कभी खाली हाथ नहीं जाने देते थे।

एक बार हज़रत साहिब ने मुझे बहुत अच्छे सेब दिए। मैं उन्हें लेकर गया। पंडित लेखराम की आदत थी कि जब मैं लौटता तो अवश्य पूछता कि क्या लाए हो? मैंने कहा कि सेब लाया हूँ। उसने लालच भरी नज़र से देखकर कहा, 'लाओ, मैं भी खाऊँ।'

मैंने हँसते हुए कहा, 'दुश्मन के घर की चीज़ तुम्हें नहीं खानी चाहिए। तुम तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के बड़े विरोधी हो, फिर उनके घर की चीज़ क्यों माँग रहे हो?'

इतना सुनते ही उसने मेरे हाथ से सेब छीन लिया और खाने लगा।"

वे कहते हैं कि उन्होंने हमेशा हज़रत साहिब अलैहिस्सलाम से प्रेम, दया और उदारता ही देखी।

(संदर्भ: हयात-ए-अहमद, याक़ूब अली इरफ़ानी साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु, जिल्द 2, भाग 2, पृष्ठ 186–187)

हज़रत मुंशी ज़फ़र अहमद साहिब बयान करते हैं:

"हुज़ूर के पास कस्तूरी (मुश्क) रहती थी। एक बार मैंने निवेदन किया कि हुज़ूर! मुझे कुछ कस्तूरी चाहिए। हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने डिब्बी मेरे सामने रख दी और फ़रमाया कि इसमें से जितनी चाहो ले लो। मैंने उसमें से थोड़ा-सा उठाया। आप मुस्कुराए और फ़रमाया, 'यह तो कुछ भी नहीं है।' फिर आपने स्वयं लगभग सवा से डेढ़ तोला कस्तूरी मुझे दे दी।"

(असहाब-ए-अहमद, जिल्द 4, पृष्ठ 213)

यह बहुत क़ीमती वस्तु है। आज भी कस्तूरी बहुत महँगी होती है और दवाइयों आदि में उपयोग की जाती है। लेकिन हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को किसी वस्तु के महँगे होने की परवाह नहीं थी। आप तो अपने श्रेष्ठ चरित्र और उच्च नैतिकता का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहते थे।

मित्रों के प्रति प्रेम और उदारता की एक घटना

हकीम मुफ़्ती फ़ज़्लुर्रहमान साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं:

मेरी पत्नी के यहाँ बच्चे का जन्म हुआ। सातवें दिन, मग़रिब के समय, मेरी पत्नी में ऐंठन (तशन्नुज) के लक्षण दिखाई देने लगे। उन दिनों यह बीमारी फैली हुई थी, इसलिए मुझे बहुत चिंता हुई।

मैं मग़रिब की नमाज़ के बाद दौड़कर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सेवा में गया और पूरी स्थिति बताई।

आपने फ़रमाया: "यह तो बहुत ख़तरनाक बीमारी की शुरुआत है। तुम तुरंत उसे दस रत्ती हींग दे दो।"

फिर फ़रमाया, "डेढ़ घंटे बाद मुझे इसकी सूचना देना।"

मैं इशा की नमाज़ के बाद फिर उपस्थित हुआ और बताया कि बीमारी बढ़ गई है।

आपने फ़रमाया: "उसे दस रत्ती कुनैन दे दो। एक घंटे बाद फिर मुझे बताना। और यह मत समझना कि मैं सो गया हूँ। बेझिझक पुरुषों वाली सीढ़ियों से आवाज़ देना।"

एक घंटे बाद मैं फिर गया और बताया कि कोई लाभ नहीं हुआ।

आपने फ़रमाया: "उसे दस रत्ती कस्तूरी दे दो।"

मैंने निवेदन किया, "हुज़ूर! इस समय कस्तूरी कहाँ से लाऊँ?"

हुज़ूर अलैहिस्सलाम स्वयं एक मुट्ठी भर कस्तूरी लेकर आए और फ़रमाया:

"इसमें दस रत्ती तो होगी।"

मैंने कहा, "हुज़ूर! यह तो इससे कहीं अधिक है।"

आपने फ़रमाया: "ले जाओ, आगे भी काम आएगी।"

मैं वह कस्तूरी ले गया और दस रत्ती रोगिणी को दे दी। एक घंटे बाद फिर उपस्थित हुआ और बताया कि बीमारी और बढ़ गई है।

तब आपने फ़रमाया: "अब उसे दस तोला कैस्टर ऑयल (अरंडी का तेल) दे दो।"

इस प्रकार आप अलग-अलग दवाइयाँ बताते रहे। मैंने जाकर दस तोला कैस्टर ऑयल दे दिया। इसके बाद उसे बहुत तेज़ उल्टी हुई। इस बीमारी में उल्टी अंतिम अवस्था मानी जाती थी। उल्टी के बाद उसकी साँस उखड़ने लगी, गर्दन पीछे की ओर खिंच गई, आँखों की रोशनी चली गई और उसकी ज़ुबान बंद हो गई।

मैं फिर दौड़कर सीढ़ियों पर पहुँचा। मेरी आवाज़ सुनकर हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने स्वयं दरवाज़ा खोला और फ़रमाया:

"क्या बात है?" मैंने निवेदन किया:

"अब हालत बहुत नाज़ुक हो गई है। साँस उखड़ रही है, गर्दन पीछे खिंच गई है। यह तशन्नुज (Meningitis) की स्थिति है। आँखों में रोशनी नहीं रही और ज़ुबान भी बंद हो गई है।"

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया:

"दुनिया के जितने भी उपाय थे, वे सब हम कर चुके। अब एक उपाय बाकी है, और वह दुआ है। तुम जाओ, मैं उस समय तक दुआ करता रहूँगा, जब तक वह स्वस्थ न हो जाए।"

वे कहते हैं कि यह सुनकर मैं वापस लौट आया और अपनी पत्नी से कहा:

"अब तुम्हें किस बात की चिंता है? अब तो ठेकेदार ने स्वयं ही ठेका ले लिया है।"

वे कहते हैं कि उस समय रात के दो बज चुके थे। मैं घर आया और पत्नी को उसी हालत में छोड़कर दूसरे कमरे में चारपाई पर जाकर सो गया, क्योंकि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया था कि "अब मैं दुआ करूँगा।" इसलिए मैंने सोचा कि अब मेरा कोई काम नहीं रहा।

वे कहते हैं कि सुबह किसी बर्तन की आवाज़ से मेरी आँख खुली। मैंने देखा कि मेरी चारपाई के पैरों की ओर मेरी पत्नी कुछ बर्तन ठीक कर रही थी। मैंने पूछा, "अब कैसी तबीयत है?"

वह कहने लगी: "आप तो सो रहे थे और मुझे दो घंटे बाद अल्लाह तआला ने अपनी कृपा से पूरी तरह ठीक कर दिया।" अल्हम्दुलिल्लाहि रब्बिल आलमीन।

(संदर्भ: सीरत-ए-अहमद, क़ुदरतुल्लाह सनौरी साहिब, पृष्ठ 170–172)

इस घटना से मित्रों के लिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के प्रेम और उदारता, दोनों के सर्वोच्च स्तर का पता चलता है।

हज़रत शैख़ याक़ूब अली साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु लिखते हैं कि क़ादियान में निहाल सिंह नाम का एक बांगड़ू (मूर्ख) जाट रहता था। युवावस्था में वह किसी फ़ौज में नौकरी कर चुका था और पेंशन पाता था। उसका घर ख़ान बहादुर मिर्ज़ा सुल्तान अहमद साहिब के दीवानख़ाने की दीवार से लगा हुआ था।

वह जमाअत का बहुत बड़ा विरोधी था। उसी की प्रेरणा से हज़रत हकीमुल उम्मत, हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल हज़रत ख़लीफ़ा नूरुद्दीन रज़ियल्लाहु अन्हु और कुछ अन्य अहमदियों के विरुद्ध एक गंभीर झूठा फ़ौजदारी मुक़दमा दर्ज कराया गया था। वह हमेशा दूसरे लोगों के साथ मिलकर अहमदियों को परेशान करता रहता था और गालियाँ देना तो उसका रोज़ का काम था।

इन्हीं दिनों, जब मुक़दमे चल रहे थे, उसके भतीजे संता सिंह की पत्नी के लिए कस्तूरी (मुश्क) की आवश्यकता पड़ी। उस समय न केवल यह कि कहीं कस्तूरी मिल नहीं रही थी, बल्कि वह बहुत महँगी भी थी। ऐसी स्थिति में वही विरोधी व्यक्ति हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के दरवाज़े पर आया और कस्तूरी माँगी।

जैसे ही उसने आवाज़ दी, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम तुरंत बाहर आए और उसे ज़रा भी प्रतीक्षा नहीं कराई। उसकी बात सुनते ही आप अंदर गए और फ़रमाया: "ठहरो, मैं अभी लाता हूँ।" फिर आप लगभग आधा तोला कस्तूरी लाकर उसे दे दी।

(संदर्भ: सीरत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातु वस्सलाम, हज़रत शैख़ याक़ूब अली साहिब इरफ़ानी रज़ियल्लाहु अन्हु, भाग द्वितीय, पृष्ठ 295–296; फ़िरोज़-उल-लुग़ात, पृष्ठ 175)

हज़रत शैख़ याक़ूब अली साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु लिखते हैं कि जब इस देश में

प्लेग फैला, तो अल्लाह तआला की वह्य (ईश्वरीय मार्गदर्शन) और ज्ञान के अनुसार हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने एक दवा तैयार करनी शुरू की, जिसका नाम आपने "तिरयाक़-ए-इलाही" रखा।

इस दवा का कोई निश्चित नुस्ख़ा नहीं था। अल्लाह तआला की गुप्त वह्य के अनुसार जिस प्रकार मार्गदर्शन मिलता, उसी प्रकार उसके घटक तैयार किए जाते। सामान्य चिकित्सा पद्धति के प्रचलित नियमों की परवाह नहीं की जाती थी। दवा के घटकों का वज़न और मात्रा भी उसी ईश्वरीय मार्गदर्शन के अनुसार निर्धारित की जाती थी। जितनी मात्रा डालने का मार्गदर्शन मिलता, उतनी ही डाली जाती।

इस दवा में हज़ारों रुपये मूल्य के जवाहरात और अनेक महँगी औषधियाँ मिलाई गई थीं।

जब यह दवा तैयार हो गई, तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने उसे बड़े खुले दिल से लोगों में बाँटा। आपने एक हब्बा (एक दाना) तक का मूल्य किसी से नहीं लिया। बल्कि बाहर से माँगने वालों को भी अपने ख़र्च पर रजिस्टर्ड पार्सल द्वारा यह दवा भेजते थे।

डॉक्टर सादिक़ साहिब ने एक बार बताया कि किसी व्यक्ति ने दो-तीन माशा तिरयाक़ माँगा। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने उसे एक डिब्बी में बहुत अधिक मात्रा भरकर रजिस्टर्ड डाक से भेज दिया।

इरफ़ानी साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु लिखते हैं कि जब मैंने भी निवेदन किया, तो मुझे भी बहुत बड़ी मात्रा में यह दवा प्रदान की गई।

केवल तिरयाक़ के साथ ही नहीं, बल्कि दूसरी दवाइयों के मामले में भी आपका यही तरीका था। कई बार तो आप पूरी की पूरी शीशी ही दे देते थे। कई अवसरों पर आपने अपने कट्टर विरोधियों को भी बहुत महँगी और उत्तम कस्तूरी दे दी, जिसका एक प्रसंग पहले भी आ चुका है।

(संदर्भ: सीरत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातु वस्सलाम, हज़रत शैख़ याक़ूब अली साहिब इरफ़ानी रज़ियल्लाहु अन्हु, भाग द्वितीय, पृष्ठ 309–310)

हज़रत शैख़ मुहम्मद नसीब साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं:

"एक बार हमें कस्तूरी की आवश्यकता पड़ी। उन दिनों क़ादियान में उसका मिलना लगभग असंभव था। हमने हज़रत साहिब अलैहिस्सलाम की सेवा में निवेदन किया। आपने आवश्यकता से कहीं अधिक कस्तूरी प्रदान कर दी।"

(रिवायात-ए-असहाब-ए-अहमद, जिल्द 5, पृष्ठ 446)

मुंशी ज़फ़र अहमद साहिब कपूरथलवी रज़ियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं:

"एक मित्र ने बहुत मेहनत और अधिक ख़र्च करके किसी व्यक्ति से एक कुश्ता (विशेष आयुर्वेदिक/यूनानी औषधि) का नुस्ख़ा प्राप्त किया। कुश्ता तैयार करके वह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सेवा में लाया और उसका नुस्ख़ा भी दे दिया।

एक दूसरे मित्र ने मुझसे कहा कि वह नुस्ख़ा किसी तरह प्राप्त किया जाए, लेकिन वह मित्र किसी को नहीं बताते थे।

मैं हज़रत साहिब अलैहिस्सलाम की सेवा में गया और निवेदन किया कि फलाँ मित्र ने कोई कुश्ता आपको दिया है।

आपने फ़रमाया: 'वह शीशी रखी है, उसे ले लो।'

मैंने निवेदन किया: 'उसका नुस्ख़ा भी?' आपने फ़रमाया: 'वह भी वहीं रखा है।'

मैं वह कुश्ता और उसका नुस्ख़ा दोनों लेकर आया और उस मित्र को दिखाकर कहा कि देखो, तुम तो नहीं बताते थे, लेकिन मैं ले आया हूँ।

वह मित्र हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सेवा में गया और निवेदन किया कि हुज़ूर! आपने वह सब दे दिया है।

आपने फ़रमाया: 'वह हमसे माँगने आया था, इसलिए हमने दे दिया।' फिर आपने मुझसे यह भी फ़रमाया:

'मिर्ज़ा साहिब (अर्थात् मेरे स्वर्गीय पिता) की बीयाज़ (नुस्ख़ों की डायरी) भी हमारे पास है। यदि तुम्हें नुस्ख़े चाहिएँ तो वह भी ले लो। उसमें बहुत अच्छे नुस्ख़े हैं।'

लेकिन बाद में मुझे वह डायरी लेने का ध्यान ही नहीं रहा, जबकि हुज़ूर अलैहिस्सलाम स्वयं देना चाहते थे।

(असहाब-ए-अहमद, जिल्द 4, पृष्ठ 214–215)

हज़रत मुफ़्ती मुहम्मद सादिक़ साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु अपने एक पत्र में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सेवा में लिखते हैं:

"गर्भावस्था के कारण कुछ समय से मेरे घर में ऐसी परेशानी है कि घर में खाना तैयार नहीं हो पाता। रोटी तो तंदूर से बनवा ली जाती है, लेकिन सब्ज़ी (सालन) बनाने में कठिनाई है। इसलिए विनम्र निवेदन है कि कुछ समय तक लंगर से सालन भिजवा दिया जाए।"

इसके उत्तर में हज़रत अक़दस अलैहिस्सलाम ने लंगर के प्रभारी मियाँ नजमुद्दीन साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु को लिखकर निर्देश दिया:

"मुफ़्ती साहिब को दिन में दो समय लंगर से अच्छा सालन दिया जाए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।"

(संदर्भ: ज़िक्र-ए-हबीब, हज़रत मुफ़्ती मुहम्मद सादिक़ साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु, पृष्ठ 281)

हज़रत मुहम्मद इस्माईल साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं कि एक बार हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम की परिस्थितियों की जानकारी प्राप्त करने के लिए नसीबीन एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का इरादा किया।

इस दल में मिर्ज़ा ख़ुदा बख़्श साहिब, मौलवी क़ुतुबुद्दीन साहिब और तीसरे सदस्य मेरे पिता मियाँ जमालुद्दीन साहिब थे। इनका चयन चिट्ठी डालकर किया गया था।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने कपड़ों आदि की तैयारी के लिए तीनों को पचास-पचास रुपये दिए और फिर विदाई सभा भी आयोजित की।

लेकिन बाद में कुछ कारणों से यह प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजा गया।

जब यात्रा रद्द हो गई, तो मेरे पिता ने वे पचास रुपये वापस हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सेवा में प्रस्तुत किए।

आपने फ़रमाया: "जो चीज़ हम किसी को दे देते हैं, उसे वापस नहीं लेते।" जब मेरे पिता घर लौटे, तो उन्होंने मुझे यह घटना सुनाई।

(संदर्भ: रिवायात-ए-असहाब-ए-अहमद, जिल्द 2, पृष्ठ 140)

हज़रत मलिक ग़ुलाम हुसैन साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं कि यह 1894 या 1895 के जलसा सालाना की बात है। सियालकोट के हज़रत हिसामुद्दीन साहिब स्वादिष्ट भोजन बनाने और खाने के बहुत शौक़ीन थे। वे उस समय जलसे में आए हुए थे।

उन्होंने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सेवा में शब-दीग की बहुत प्रशंसा की और कहा कि हुज़ूर! शब-दीग बहुत स्वादिष्ट बनती है। इसमें विभिन्न प्रकार का मांस, फल और सब्ज़ियाँ डाली जाती हैं और इसे पूरी रात पकाया जाता है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने मुझे बुलाकर फ़रमाया:

"शाह साहिब जो कुछ पसंद करें और जितनी चीज़ें चाहें, उनके लिए उपलब्ध करा दो।"

इसलिए यहाँ से मांस लिया गया और शलजम बटाला से मँगवाए गए। शाम के समय लगभग चार बड़ी देगें चढ़ा दी गईं। चावल भी उस समय की प्रसिद्ध दुकान से लगभग ढाई मन अच्छे दर्जे के ख़रीदे गए। सुबह मेहमानों को सैयद हिसामुद्दीन साहिब की इच्छा के अनुसार भोजन कराया गया।

(संदर्भ: रिवायात-ए-असहाब-ए-अहमद, जिल्द 4, पृष्ठ 30)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं कि मुंशी ज़फ़र अहमद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु ने मुझे लिखकर दिया कि एक बार जलसा सालाना के अवसर पर ख़र्च के लिए धन समाप्त हो गया।

उन दिनों जलसा सालाना के लिए नियमित चंदे की व्यवस्था नहीं थी। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम स्वयं अपने पास से सारा ख़र्च करते थे।

लंगर के प्रभारी मीर नासिर नवाब साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु ने आकर निवेदन किया:

"आज रात मेहमानों के भोजन का कोई सामान नहीं है। सारा ख़र्च समाप्त हो गया है।"

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया:

"बेगम साहिबा (हज़रत अम्माँ जान रज़ियल्लाहु अन्हा) से ऐसा कोई गहना ले लो, जिससे काम चल सके। उसे बेचकर या गिरवी रखकर मेहमानों के भोजन का प्रबंध कर लो।"

इसलिए गहना बेच दिया गया या गिरवी रख दिया गया और मीर साहिब रुपये लेकर आए तथा मेहमानों के भोजन का प्रबंध कर दिया।

दो दिन बाद फिर मीर साहिब ने रात में, मेरी उपस्थिति में, निवेदन किया:

"कल के लिए भी कुछ नहीं बचा।"

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया:

"जहाँ तक दिखाई देने वाले साधनों का संबंध था, हमने अपना पूरा प्रयास कर दिया। जो कुछ हमारे पास था, सब दे दिया। अब हमें चिंता करने की आवश्यकता

नहीं। ये लोग अल्लाह तआला के मेहमान हैं, जो उसकी ख़ातिर आए हैं। अब अल्लाह तआला स्वयं इनके लिए प्रबंध करेगा।"

वे कहते हैं कि अगले दिन सुबह लगभग आठ-नौ बजे जब डाकिया आया, तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने मीर साहिब और मुझे बुलाया। डाकिए के हाथ में लगभग दस-पंद्रह मनीऑर्डर थे, जो अलग-अलग स्थानों से आए थे। उनमें पचास-पचास और सौ-सौ रुपये भेजे गए थे।

उन पर लिखा था: "हम जलसे में उपस्थित नहीं हो सकते। इसलिए मेहमानों के ख़र्च के लिए यह राशि भेज रहे हैं।"

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने वे मनीऑर्डर प्राप्त किए और फिर तवक्कुल (अल्लाह पर पूर्ण भरोसा) के विषय में भाषण दिया।

उस समय वहाँ कुछ और लोग भी मौजूद थे।

आपने फ़रमाया: "जिस प्रकार एक दुनियादार व्यक्ति को अपनी तिजोरी में रखे धन पर भरोसा होता है कि जब चाहेगा निकाल लेगा, उससे कहीं अधिक भरोसा अल्लाह पर भरोसा करने वालों को अल्लाह तआला पर होता है। और वास्तव में ऐसा ही होता है कि जब आवश्यकता पड़ती है, तो अल्लाह तआला तुरंत प्रबंध कर देता है।"

(संदर्भ: सीरतुल महदी, जिल्द 2, भाग 4, पृष्ठ 97–98, रिवायत संख्या 1124)

इस प्रकार जब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि "ये अल्लाह तआला के मेहमान हैं और उसकी ख़ातिर आए हैं," तो निश्चित रूप से आपने दुआ भी की होगी और आपका तवक्कुल (अल्लाह पर पूरा भरोसा) भी पूर्ण था। फिर अल्लाह तआला ने स्वयं प्रबंध कर दिया।

हज़रत मियाँ रहमतुल्लाह साहिब बयान करते हैं: "हुज़ूर अलैहिस्सलाम फ़रमाया करते थे कि अकाल और महामारी एक साथ आ रहे हैं, फिर भी लोग तौबा नहीं करते। लोग भूख से मर जाते हैं।"

इसके तीन वर्ष बाद देश में भयंकर प्लेग फैल गई। अकाल के दिनों में हुज़ूर अलैहिस्सलाम फ़रमाया करते थे कि हदीसों में इसका उल्लेख है कि मसीह मौऊद के समय अकाल पड़ेगा। इस प्रकार हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की भविष्यवाणी और अल्लाह तआला का वादा पूरा हुआ।

दूसरी ओर आपने हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल मौलवी नूरुद्दीन साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु को आदेश दिया कि जितना संभव हो सके, अनाज पहले से खरीदकर रख लिया जाए। उस समय लंगर का पूरा प्रबंध स्वयं हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के हाथ में था। अकाल का ख़तरा था, इसलिए आपने पहले से अनाज इकट्ठा करने की व्यवस्था की और यह कार्य हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु को सौंपा।

हुज़ूर अलैहिस्सलाम के आदेश पर मौलवी साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु ने मुझसे लंगरख़ाने के लिए तीस बोरी अनाज खरीदा। चंदे की कमी थी, इसलिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने घर में मौजूद जितने भी गहने थे, सब बेच दिए और सात सौ रुपये गेहूँ खरीदने के लिए मौलवी साहिब को दिए। उस समय सात सौ रुपये बहुत बड़ी राशि होती थी।

मौलवी साहिब ने मियाँ नजमुद्दीन साहिब मरहूम को गाँवों में गेहूँ खरीदने के लिए भेजा। उनके साथ मिर्ज़ा इस्माईल साहिब भी गए। अनाज खरीदा गया।

इसी दौरान बीकानेर (भारत के वर्तमान राजस्थान राज्य का एक क्षेत्र) में भीषण अकाल पड़ा और वहाँ से बहुत से लोग उजड़कर हमारे क्षेत्र में आ गए। चारों ओर से लोगों की आवाज़ आती थी—"रोटी, रोटी!"

तब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने आदेश दिया कि लंगर में हर समय आटा गूँथा जाए और रोटियाँ तैयार रहें। आपने मियाँ नजमुद्दीन साहिब से फ़रमाया कि जो भी रोटी माँगने आए, उसे रोटी दी जाए और कोई भी व्यक्ति खाली हाथ वापस न जाए।

कुछ ही दिनों में खरीदा हुआ सारा अनाज समाप्त हो गया। तब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने एक भाषण दिया, जिसके शब्द ये थे:

"यह एक अस्थायी स्थिति है। न तो हमेशा ऐसी कुर्बानी करनी पड़ती है और न ही हमेशा ऐसा सवाब मिलता है। ये दिन ईमान वालों के लिए विशेष हैं। अल्लाह तआला की प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए अल्लाह तआला अपने मित्रों को कुर्बानी की तौफ़ीक़ दे।"

इस भाषण के बाद कुछ रुपये वहीं एकत्र हो गए और कुछ बाहर से भी आए। फिर अनाज खरीदा गया। इस प्रकार अकाल के दिनों में यह सिलसिला चलता रहा। जो भी अकाल-पीड़ित लोग आते, उन्हें तुरंत भोजन उपलब्ध कराया जाता।

हुज़ूर अलैहिस्सलाम फ़रमाया करते थे: "मैंने अमुक अख़बार में पढ़ा कि किसी देश में इतने बच्चे भूख से मर गए और इतने लोग मर गए। अनाज नहीं मिल रहा। यह अल्लाह तआला का बहुत बड़ा प्रकोप है कि लोगों को अनाज नहीं मिल रहा।"

आप बार-बार दुआ करते कि अल्लाह तआला रहम करे। आप बड़ी चिंता के साथ मियाँ नजमुद्दीन साहिब और मौलवी साहिब से अनाज की स्थिति के बारे में पूछते रहते थे।

(संदर्भ: रिवायात-ए-असहाब-ए-अहमद, जिल्द 4, पृष्ठ 72–73; बीकानेर: विकिपीडिया)

आज भी दुनिया के कुछ देशों में यही हालात हैं। कहीं अकाल है, कहीं अनाज नहीं मिलता और कहीं महँगाई इतनी है कि लोग खरीद नहीं सकते। ग़रीबी और भूख से लोग मर रहे हैं। अल्लाह तआला का फ़ज़्ल है कि जहाँ-जहाँ ऐसी जानकारी मिलती है, वहाँ जमाअत उनकी सहायता के लिए धन भी भेजती है और उनकी आवश्यकताएँ भी पूरी करती है। इसमें जमाअत के लोग भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। अल्लाह तआला उन्हें और अधिक तौफ़ीक़ दे कि वे इन ग़रीबों और अकाल-पीड़ित लोगों की सहायता के लिए और भी अधिक प्रयास करते रहें।

हज़रत क़ाज़ी नूर मुहम्मद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं कि यह घटना हज़रत अमीरुल मोमिनीन हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ियल्लाहु अन्हु के बयान की है। वे कहते हैं कि मैं उनका सहपाठी था और मुझे रात में दारुल मसीह में उनके साथ पढ़ने का अवसर मिलता था। हज़रत मौलवी शेर अली साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु हमें पढ़ाते थे।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम महिलाओं के हिस्से में जाकर भाषण फ़रमाया करते थे। उस समय भाषण की आवाज़ हमारे कानों तक अच्छी तरह पहुँच जाती थी, लेकिन अफ़सोस कि अब उसमें से कुछ याद नहीं।

लंगर के लिए आटा लाने का काम प्रायः मुल्ला अहमद नूर किया करते थे। जब गधे पर आटा लाया जाता, तो मुझे आटे की बोरी उठाकर दारुल मसीह तक पहुँचाने का अवसर मिलता था।

एक बार मैंने देखा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम अपने कुर्ते की झोली में बहुत-से रुपये लाए और बिना गिने मुल्ला अहमद नूर की झोली में डाल दिए, ताकि वे लंगरख़ाने के लिए आवश्यक सामान खरीद सकें और लंगर का प्रबंध चलता रहे।

(संदर्भ: रिवायात-ए-असहाब-ए-अहमद, जिल्द 4, पृष्ठ 75)

हज़रत मियाँ चिरागुद्दीन साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं:

"एक बार मेरा गला इस प्रकार बंद हो गया कि आवाज़ निकलनी बंद हो गई। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने हज़रत मौलवी नूरुद्दीन साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया कि चिराग़ के गले का इलाज करें। इसकी आवाज़ क्यों नहीं निकलती?"

मौलवी साहिब इलाज करते रहे, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ।

एक दिन हुज़ूर अलैहिस्सलाम सैर के लिए जा रहे थे। रास्ते में वही व्यक्ति बकरे चरा रहा था। उसके साथ उसका एक बेटा भी था और वह नंगे पैर था।

हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने उसे देखकर फ़रमाया : "मियाँ! तुम नंगे पैर चल रहे हो। क्या तुम्हें काँटे नहीं चुभते?" उसने अर्ज़ किया :

"हुज़ूर! मेरे पास जूते नहीं हैं और मेरे पिता गरीब हैं। वे खरीद नहीं सकते।"

इस पर हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने अपने पैरों से एक जूता उतारा और फ़रमाया :

"इसे पहनकर देखो। देखो, तुम्हारे पैर में ठीक आता है या नहीं।"

उस लड़के ने संकोच किया और कहा कि मैं आपकी जूती कैसे पहन सकता हूँ?

हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने प्रेमपूर्वक ज़ोर देकर कहा : "नहीं, पहनकर देखो।"

उसने एक पैर में जूता पहन लिया। हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया : "हाँ, ठीक है। यह तुम्हें आ गया है।" फिर आपने दूसरा जूता भी उतारकर उसे दिया और फ़रमाया : "इसे भी पहन लो।" उसने दूसरा जूता भी पहन लिया।

यह देखकर हुज़ूर अलैहिस्सलाम बहुत प्रसन्न हुए और फ़रमाया :

"बस, अब ठीक है। अब तुम इन्हें ही इस्तेमाल करो।" इसके बाद आप स्वयं नंगे पैर घर वापस लौट आए।

यह घटना उस समय की है जब आपकी आयु लगभग बीस या तीस वर्ष रही होगी।

(साभार: रिवायात-ए-असहाब-ए-अहमद, जिल्द 5, पृष्ठ 380)

हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम अपने उपकारी और मार्गदर्शक हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के अनुसरण में दान और उदारता की प्रतिमूर्ति थे। लेकिन कुछ अवसरों पर हम यह भी देखते हैं कि किसी विशेष बुद्धिमत्ता और उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आपने किसी माँगने वाले को कुछ देने से भी इंकार किया।

इसी संबंध में हज़रत शैख़ याक़ूब अली साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु लिखते हैं :

"सन् 1889, जो बैअत का वर्ष था, उन दिनों आप लुधियाना में थे। एक अवसर पर एक व्यक्ति आपके पास आया और उसने कहा कि उसका एक रिश्तेदार मर गया है। उसके पास कफ़न-दफ़न का कोई प्रबंध नहीं है। उसने एक कटोरे में चाँदी और ताँबे के कुछ सिक्के भी रखे हुए थे, ताकि दिखा सके कि कुछ चंदा इकट्ठा हो चुका है, लेकिन अभी और आवश्यकता है।"

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने आदरणीय हज़रत क़ाज़ी ख़्वाजा अली साहिब, जो अत्यंत सच्चे और समर्पित बुज़ुर्ग थे, से फ़रमाया :

"क़ाज़ी साहिब! इनके साथ जाइए और कफ़न का पूरा प्रबंध कर दीजिए।"

अर्थात् जो भी कफ़न-दफ़न की आवश्यकता हो, वह पूरी कर दीजिए।

वे लिखते हैं : "हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सामान्य आदत तो यह थी कि जो उचित समझते, स्वयं दे देते थे। इसलिए यह आदेश सुनकर सेवकों को भी आश्चर्य हुआ।"

क़ाज़ी साहिब ने यह नहीं पूछा कि कितना देना है, बल्कि उसी समय उस व्यक्ति के साथ चल पड़े और कहा : "चलो भाई, मैं तुम्हारा पूरा प्रबंध कर देता हूँ।" वह व्यक्ति क़ाज़ी साहिब को साथ लेकर चला गया। कुछ देर बाद क़ाज़ी साहिब हँसते हुए वापस आए और बोले :

"हुज़ूर! वह तो बहुत बड़ा धोखेबाज़ निकला। रास्ते में उसने मेरी बहुत मिन्नतें कीं कि खुदा के लिए मेरे साथ मत चलिए। जो देना हो, यहीं दे दीजिए।" मैंने कहा :

"मुझे तो स्वयं जाकर देखने का आदेश मिला है। तुम्हारे पास जो कुछ है, मुझे दे दो। जितना खर्च होगा, मैं वहीं कर दूँगा।"

आख़िर जब उसने देखा कि मैं किसी तरह मानने वाला नहीं हूँ, तो हाथ जोड़कर शर्मिंदा होते हुए कहने लगा :

"न कोई मरा है और न किसी कफ़न-दफ़न की ज़रूरत है। यह तो मेरा पेशा है। अब मेरी पोल मत खोलिए। आप वापस चले जाइए। मैं अब यह काम नहीं करूँगा।"

कभी-कभी माँगने वालों की ऐसी स्थिति भी होती थी।

जब क़ाज़ी साहिब ने यह घटना सुनाई, तो स्वाभाविक रूप से सबको हँसी भी आई। लेकिन साथ ही हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की ईमानदार दूरदर्शिता और श्रेष्ठ चरित्र का भी अद्भुत प्रभाव सामने आया। आपने उस व्यक्ति के बारे में बुरा नहीं सोचा, उसे डाँटा भी नहीं, बल्कि ऐसा तरीका अपनाया जिससे उसकी सुधार भी हो गई और जहाँ खर्च करना उचित नहीं था, वहाँ धन भी व्यर्थ खर्च नहीं हुआ।

(सीरत हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम, शैख़ याक़ूब अली साहिब इरफ़ानी, भाग द्वितीय, पृष्ठ 287–288)

इसी प्रकार की एक घटना हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने स्वयं भी बयान की है। आपने फ़रमाया : "लुधियाना में एक व्यक्ति मेरे पास आया और उसने कहा कि एक आदमी मर गया है। मैं उसके कफ़न के लिए चंदा इकट्ठा कर रहा हूँ। केवल चार आने की कमी रह गई है।"

एक व्यक्ति ने कहा : "पहले यह देखना चाहिए कि वह मृतक कहाँ है, फिर उसकी पूरी सहायता करनी चाहिए।"

इसलिए वह व्यक्ति उसके साथ चल पड़ा। थोड़ी दूर जाने के बाद वह माँगने वाला भाग गया, क्योंकि उसकी पूरी कहानी झूठी थी।

(मलफ़ूज़ात, जिल्द 8, पृष्ठ 15, संस्करण 2022)

इसी प्रकार एक बार कहीं से पत्र आया कि : "हम एक मस्जिद बनाना चाहते हैं और बरकत के लिए आपसे भी कुछ चंदा चाहते हैं।" हज़रत अक़दस अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया :

"हम दे तो सकते हैं और यह कोई बड़ी बात भी नहीं है, लेकिन इस समय हमारे अपने यहाँ बहुत से बड़े और आवश्यक कार्य चल रहे हैं, जिन पर खर्च करना ज़रूरी है। उनके मुकाबले इस प्रकार के खर्च में शामिल होना हमें अपव्यय (फ़िज़ूलखर्ची) प्रतीत होता है। इसलिए हम इसमें कैसे शामिल हों?"

"यहाँ जो मस्जिद अल्लाह स्वयं बनवा रहा है, वही मस्जिद अक्सा है और वही सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। लोगों को चाहिए कि उसके लिए धन भेजें और इस पुण्य में भागीदार बनें।"

फिर आपने फ़रमाया : "हमारा सच्चा मित्र वही है जो हमारी बात माने, न कि वह जो अपनी बात को प्राथमिकता दे।"

इसके बाद आपने एक उदाहरण देते हुए फ़रमाया : "एक बार हज़रत इमाम अबू हनीफ़ा रहमतुल्लाहि अलैह के पास एक व्यक्ति आया और बोला कि हम एक मस्जिद बना रहे हैं, आप भी उसमें कुछ चंदा दीजिए।"

उन्होंने क्षमा चाही और कहा : "मैं इसमें कुछ नहीं दे सकता।"

शेष ..

हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का पवित्र जीवन

(हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद रज़ि. जमाअत अहमदिया के द्वितीय ख़लीफ़ा)

इसी प्रकार रसूले करीम (स.अ.व.) की मृत्यु का समाचार सुन कर उस स्त्री का हाल हुआ। वह आपको मृतक रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थी और दूसरी ओर इस सूचना का खण्डन भी नहीं कर सकती थी। इसलिए शोक के तीव्र संवेग में यह कहती जाती थी अरे रसूलुल्लाह (स.अ.व.) ने यह क्या किया अर्थात् ऐसा वफ़ादार व्यक्ति हमें यह आघात पहुँचाने पर क्योंकर सहमत हो गया।

जब लोगों ने देखा कि उसे अपने पिता, पति और भाई की कोई परवाह नहीं तो वे उसकी सच्ची भावनाओं को समझ गए तो उन्होंने कहा कि अमुक की मां ! रसूलुल्लाह (स.अ.व.) तो जिस प्रकार तू चाहती है ख़ुदा की कृपा से कुशलपूर्वक हैं। इस पर उसने कहा मुझे दिखाओ वह कहां हैं? लोगों ने कहा आगे चली जाओ, वह आगे खड़े हैं। वह महिला भाग कर आप तक पहुँची तथा आप के आंचल को पकड़ कर बोली हे अल्लाह के रसूल ! मेरे मां-बाप आप पर बलिहारी। जब आप सुरक्षित हैं तो कोई मरे मझे परवाह नहीं।

(بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي يَا رَسُولَ اللّٰهِ لَا أُبَالِي إِذْ سَلِمْتَ مِنْ عَطَبٍ)

पुरुषों ने युद्ध में ईमान का वह आदर्श प्रदर्शित किया और स्त्रियों ने वफ़ादारी का यह नमूना दिखाया जिस का उदाहरण अभी मैंने वर्णन किया है। ईसाई जगत मरयम मगदलीनी (MAGDALENE) और उसकी साथी स्त्रियों की उस वीरता पर गर्व करता है। कि वह मसीह की क़ब्र पर प्रातःकाल शत्रुओं से छुप कर पहुँची थी। मैं उन से कहता हूँ आओ तनिक मेरे प्रियतम के वफ़ादारों और प्राण बलिदान करने वालों को देखो किन परिस्थितियों में उन्होंने उस का साथ दिया और किन अवस्थाओं में उन्होंने एकेश्वरवाद के ध्वज को फहराया।

इस प्रकार के त्याग की भावना का एक अन्य उदाहरण और भी इतिहास की पुस्तकों में मिलता है। जब रसूले करीम (स.अ.व.) शहीदों को दफ़्न करके मदीना वापस गए तो फिर स्त्रियां और बच्चे स्वागत के लिए नगर से बाहर निकल आए। रसूले करीम (स.अ.व.) की ऊँटनी की बाग मदीना के रईस सअद बिन मआज़ ने पकड़ी हुई थी और गर्व से आगे-आगे दौड़े जाते थे। कदाचित संसार से यह कह रहे थे कि देखा हम मुहम्मद रसूलुल्लाह (स.अ.व.) को कुशलपूर्वक अपने घर वापस ले आए। शहर के पास उन्हें अपनी बूढ़ी मां जिसकी दृष्टि कमज़ोर हो चुकी थी, आती हुई मिली। उहद में उसका एक बेटा उमर बिन मआज़ भी मारा गया था उसे देख कर सअद बिन मआज़ ने कहा हे अल्लाह के रसूल (स.अ.व.) ! मेरी मां !!! हे अल्लाह के रसूल (स.अ.व.) मेरी मां आ रही है। आप ने कहा ख़ुदा तआला की बरकतों के साथ आए। बुढ़िया आगे बढ़ी और अपनी कमज़ोर फटी आँखों से इधर-उधर देखा कि कहीं रसूलुल्लाह (स.अ.व.) की शक्ल दिखाई दे जाए। अन्ततः रसूले करीम (स.अ.व.) का चेहरा पहचान लिया और प्रसन्न हो गई। रसूलुल्लाह (स.अ.व.) ने फ़रमाया माई मुझे तुम्हारे बेटे के शहीद होने पर तुम से सहानुभूति है। इस पर उस नेक स्त्री ने कहा हुज़ूर ! जब मैंने आपको सुरक्षित देख लिया तो समझो कि मैंने कष्ट को भून कर खा लिया। "कष्ट को भून कर खा लिया" कितना विचित्र मुहावरा है, प्रेम की कितनी आगाध भावनाओं को दर्शाता है। शोक मनुष्य को खा जाता है वह स्त्री जिस की वृद्धावस्था में उसके बुढ़ापे का सहारा टूट गया किस बहादुरी से कहती है मेरे बेटे के शोक ने मुझे क्या खाना है जब मुहम्मद रसूलुल्लाह (स.अ.व.) जीवित हैं तो मैं उस शोक को खा जाऊँगी। मेरे बेटे की मृत्यु मुझे मारने का कारण नहीं होगी अपितु यह विचार कि रसूलुल्लाह (स.अ.व.) के लिए उसने प्राण दिए मेरी शक्ति को बढ़ाने का कारण होगा। हे अन्सार ! मेरे प्राण तुम पर बलिहारी हों, तुम कितना पुण्य ले गए।

बहरहाल रसूले करीम (स.अ.व.) सकुशल मदीना पहुँचे। यद्यपि इस युद्ध में बहुत से मुसलमान मारे भी गए और बहुत से घायल भी हुए परन्तु फिर भी उहद का युद्ध पराजय नहीं कहला सकता। जिन घटनाओं का मैंने ऊपर उल्लेख किया है उन्हें दृष्टिगत रखते हुए यह एक महान विजय थी, ऐसी विजय कि मुसलमान उसे प्रलय तक स्मरण करके अपने ईमान में वृद्धि कर सकते हैं तथा वृद्धि करते रहेंगे। मदीना पहुँच कर आप स. ने फिर अपना मूल कार्य अर्थात् प्रशिक्षण, शिक्षा तथा आत्मशुद्धि का कार्य आरम्भ कर दिया परन्तु आप स. यह कार्य सरलता और सुगमता से नहीं कर सके, उहद की घटना के पश्चात् यहूद में और भी दुस्साहस पैदा हो गया तथा पाखंडियों (मुनाफ़िको) ने और अधिक सर उठाना आरम्भ कर दिया तथा वे समझे कि कदाचित् इस्लाम को मिटा देना मानव-शक्ति के अन्दर की बात है। अतः यहूदियों ने आप को नाना प्रकार से कष्ट देना आरम्भ कर दिया। गन्दे छन्द बनाकर उनमें आप के वंश की निन्दा की जाती थी। एक बार आप को किसी विवाद का निर्णय करने कि लिए यहूदियों के क़िले में जाना पड़ा तो उन्होंने षड्यंत्र किया कि जहां आप बैठे हैं उसके ऊपर से पत्थर की एक बड़ी शिला गिरा कर आपको शहीद कर दिया जाए, परन्तु ख़ुदा तआला ने आपको समय पर सूचित कर दिया तथा आप वहाँ से बिना कुछ कहे उठकर चले आए। बाद में यहूदियों ने अपनी ग़लती को स्वीकार कर लिया। मुसलमान स्त्रियों का बाज़ार में अपमान किया जाता था। एक बार इस झगड़े में एक मुसलमान मारा भी गया। एक बार यहूदियों ने एक मुसलमान लड़की का सर पत्थर मार-मार कर कुचल दिया और वह तड़प-तड़प कर मर गई। इन समस्त कारणों से मुसलमानों को यहूदियों से भी युद्ध करना पड़ा, परन्तु अरब और यहूद के कानून के अनुसार मुसलमानों ने उन्हें मारा नहीं अपितु उन्हें मदीना से पलायन करने की शर्त पर छोड़ दिया। अतः उन दोनों क़बीलों में से एक तो शाम की ओर पलायन कर गया और दूसरे का कुछ भाग शाम चला गया और कुछ मदीना से उत्तर दिशा में ख़ैबर नामक एक नगर की ओर। यह नगर अरब में यहूदियों का केन्द्र था और सुदृढ़ किलों पर आधारित था।

मदिरापान के निषेध का आदेश और उसका प्रभाव

उहद के युद्ध तथा उसके बाद होने वाले युद्ध के अन्तराल में संसार ने इस्लाम के अपने अनुयायियों पर होने वाले प्रभाव का एक स्पष्ट उदाहरण देखा। हमारा अभिप्राय मदिरा निषेध से है। इस्लाम से पूर्व अरबों की दशा का वर्णन करते हुए हम ने बताया था कि अरब लोग मदिरापान के अभ्यस्थ थे। प्रत्येक प्रतिष्ठित अरब वंश में दिन में पांच बार मदिरापान किया जाता था तथा मदिरा के नशे में चूर हो जाना उनके लिए सामान्य बात थी तथा इसमें वे तनिक भी लज्जा महसूस नहीं करते थे अपितु वे इसे एक शुभ कर्म समझते थे। जब कोई अतिथि आता तो गृह-स्वामिनी का कर्त्तव्य होता कि वह मदिरापान कराए। इस प्रकार के लोगों से ऐसी विनाशकारी आदत का छुड़ाना कोई आसान कार्य न था परन्तु हिजरत के चौथे वर्ष मुहम्मद रसूलुल्लाह (स.अ.व.) को ख़ुदा की ओर से आदेश मिला कि मदिरापान का निषेध किया जाता है। इस आदेश की घोषणा होते ही मुसलमानों ने मदिरापान का बिल्कुल परित्याग कर दिया। अतः हदीस में आता है कि जब शराब के अवैध होने की ईशवाणी उतरी तो हज़रत मुहम्मद (स.अ.व.) ने एक सहाबी को बुलाया और आदेश दिया कि इस नवीन आदेश की घोषणा मदीना की गलियों में कर दो। उस समय एक अन्सारी (मदीना का मुसलमान) के घर में शराब की पार्टी थी, बहुत से लोग आमंत्रित थे तथा शराब का दौर जारी था, एक बड़ा मटका ख़ाली हो चुका था, दूसरा मटका आरम्भ होने वाला था। लोग नशे में मस्त हो चुके थे और बहुत से नशे में मस्त होने के निकट थे। ऐसी अवस्था में उन्होंने सुना कि कोई व्यक्ति घोषणा कर रहा है कि आँहज़रत (स.अ.व.) के आदेश के अन्तर्गत मदिरापान अवैध कर दिया गया है। उन में से एक व्यक्ति उठकर बोला यह तो मदिरापान की निषेधाझा प्रतीत होती है। ठहरो इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर लें, इतने में एक अन्य व्यक्ति उठा और उसने शराब से भरे मटके को अपनी लाठी मार कर टुकड़े-टुकड़े कर दिया और कहा पहले आज्ञा का पालन करो, तत्पश्चात जानकारी प्राप्त करो। यह पर्याप्त है कि हमने ऐसी घोषणा सुन ली और यह उचित नहीं कि हम शराब पीते जाएं और पूछ-ताछ करें अपितु हमारा कर्त्तव्य यह है कि शराब को गलियों में बह जाने दें फिर घोषणा के संबंध में जानकारी प्राप्त करें।

इस मुसलमान का विचार उचित था क्योंकि यदि मदिरापान अवैध किया जा चुका था तो इसके पश्चात् यदि वे मदिरापान जारी रखते तो एक अपराध करने वाले होते और यदि मदिरापान अवैध नहीं किया गया तो उसका बहा देना इतना हानिप्रद न था कि उसे सहन नहीं किया जा सकता। इस घोषणा के पश्चात् मुसलमानों से मदिरापान बिल्कुल दूर हो गया। इस महान् क्रान्ति को लाने के लिए कोई विशेष प्रयास और पराक्रम की आवश्यकता नहीं पड़ी। ऐसे मुसलमान जिन्होंने इस आदेश को सुना और जिसका तुरन्त पालन हुआ, उसे देखा, सत्तर-अस्सी वर्ष तक जीवित रहे परन्तु उनमें से एक व्यक्ति भी ऐसा नहीं जिसने इस आदेश के पश्चात् उसकी अवहेलना की हो। यदि ऐसी कोई घटना हुई है तो वह ऐसे व्यक्ति के संबंध में है जो मुहम्मद रसूलुल्लाह (स.अ.व.) से सीधे तौर पर प्रशिक्षित न हुआ हो। जब हम उसकी तुलना अमरीका के मदिरा निषेध आन्दोलन से करते हैं तथा उन प्रयासों को देखते हैं जो उस आदेश को लागू करने के लिए किए गए अथवा जो वर्षों तक यूरोप में किए गए तो स्पष्ट दिखाई देता है कि एक ओर तो हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह (स.अ.व.) की मात्र एक घोषणा पर्याप्त थी कि इस सामाजिक दोष को अरब लोगों से समाप्त कर दे परन्तु दूसरी ओर मदिरा-निषेध

के कानून बनाए गए। पुलिस सेना तथा टैक्स विभागों के कर्मचारियों ने मदिरापान के अभिशाप को दूर करने के लिए सामूहिक तौर पर प्रयत्न किए परन्तु वे असफल रहे तथा उन्हें अपनी असफलता को स्वीकार करना पड़ा तथा मदिरापान की जीत रही तथा यह मदिरापान का अभिशाप दूर न किया जा सका। हमारे इस वर्तमान युग को उन्नति का युग कहा जाता है परन्तु जब इसकी तुलना इस्लाम के प्रारम्भिक काल से करते हैं तो हम स्तब्ध रह जाते हैं कि इन दोनों में उन्नति का युग कौन सा है। हमारा यह युग अथवा इस्लाम का वह युग, जिसने इतनी बड़ी सामाजिक क्रान्ति को जन्म दिया।

उहद के युद्धोपरान्त काफ़िर कबीलों के जघन्य षड्यंत्र

उहद की घटना ऐसी न थी जिसे आसानी से भुलाया जा सकता। मक्का वालों ने विचार किया था कि यह उन की इस्लाम के विरुद्ध प्रथम विजय है। उन्होंने यह समाचार समस्त अरब में प्रसारित किया तथा अरब क़बीलों को इस्लाम के विरुद्ध भड़काने तथा यह विश्वास दिलाने का माध्यम बनाया कि मुसलमान अजेय नहीं हैं और यदि वे उन्नति करते रहे हैं तो उसका कारण उनकी शक्ति नहीं थी अपितु अरब के क़बीलों की लापरवाही थी। अरब यदि संयुक्त प्रयास करें तो मुसलमानों पर विजय प्राप्त करना कोई कठिन कार्य नहीं। इस प्रोपेगन्डा का परिणाम यह हुआ कि मुसलमानों के प्रति विरोध को बहुत बल मिला तथा अन्य क़बीलों ने मुसलमानों को कष्ट पहुँचाने में मक्का वालों से भी बढ़कर भाग लेना आरम्भ किया। कुछ ने प्रत्यक्ष रूप से आक्रमण आरम्भ कर दिए और कुछ ने अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें हानि पहुँचाना प्रारम्भ कर दिया।
हिजरत के चौथे वर्ष अरब के दो क़बीले 'अज़ल' और क़ारह[1] ने अपने प्रतिनिधि मुहम्मद रसूलुल्लाह (स.अ.व.) के पास भेजकर सन्देश दिया कि हमारे क़बीलों में बहुत से लोग इस्लाम की ओर झुकाव रखते हैं और अनुरोध किया कि कुछ व्यक्ति जो इस्लामी शिक्षा में पारंगत हों भेज दिए जाएं ताकि वे उनके मध्य रह कर उन्हें इस नए धर्म की शिक्षा दें। वास्तव में यह एक षड्यंत्र था जो इस्लाम के कट्टर शत्रु बनू लहयान ने रचा था। उनका उद्देश्य यह था कि जब ये प्रतिनिधि मुसलमानों को लेकर आएं तो वे उनका वध करके अपनी ओर से सुफ़यान बिन ख़ालिद का प्रतिशोध लेंगे। अतः उन्होंने अज़ल और क़ारह के प्रतिनिधि कुछ मुसलमानों को अपने साथ लाने के उद्देश्य से पुरस्कार के बड़े-बड़े वादे देकर मुहम्मद (स.अ.व.) की सेवा में भेजे थे। जब 'अज़ल' और 'क़ारह' के लोगों ने मुहम्मद रसूलुल्लाह के पास पहुँच कर निवेदन किया तो आप[स.] ने उनकी बात पर विश्वास करके दस मुसलमानों को उनके साथ भेज दिया कि उन लोगों को इस्लाम की आस्थाओं और सिद्धान्तों की शिक्षा दें। जब यह दल बनू लहयान के क्षेत्र में पहुँचा तो अज़ल और क़ारह के लोगों ने बनू लहयान को सूचना पहुँचा दी और उन्हें सन्देश दिया कि या तो मुसलमानों को बन्दी बना लें या मौत के घाट उतार दें। इस घिनौने षड्यंत्र के अन्तर्गत बनू लहयान के दो सौ सशस्त्र लोग मुसलमानों का पीछा करने के लिए निकल खड़े हुए तथा 'रजीह' के स्थान में आकर उन्हें घेर लिया। दस मुसलमानों और दो सौ शत्रुओं के मध्य युद्ध हुआ। मुसलमानों के हृदय ईमान के प्रकाश से परिपूर्ण थे और शत्रु इस ईमान से खाली थे। दस मुसलमान एक टीले पर चढ़ गए और दो सौ लोगों को मुकाबले के लिए ललकारा। शत्रु ने धोखा देकर उन्हें बन्दी बनाना चाहा कि यदि तुम नीचे उतर आओ तो तुम से कुछ न कहा जाएगा, परन्तु मुसलमानों के अमीर ने कहा कि हम काफ़िरों के वादों और वचनों को भली-भांति देख चुके हैं। तत्पश्चात् उन्होंने आकाश की ओर मुख उठा कर कहा हे ख़ुदा ! तू हमारी परिस्थिति को देख रहा है, अपने रसूल को हमारी इस परिस्थिति की सूचना पहुँचा दे। जब काफ़िरों ने देखा कि मुसलमानों की इस छोटी सी जमाअत पर उनकी बातों का कोई प्रभाव नहीं होता तो उन्होंने उन पर आक्रमण कर दिया और मुसलमान निर्भयतापूर्वक उन से लड़ते रहे यहाँ तक कि दस में से सात शहीद हो गए, शेष तीन जो बच गए थे उन्हें काफ़िरों ने पुनः वादा दिया कि हम तुम्हारे प्राण बचा लेंगे इस शर्त पर कि तुम टीले से नीचे उतर आओ, परन्तु जब वे काफ़िरों के वादे पर विश्वास करके नीचे उतर आए तो काफ़िरों ने उन्हें अपने धनुषों की प्रत्यंचाओं से जकड़ कर बांध लिया। इस पर उनमें से एक ने कहा कि यह पहली अवज्ञा है जो तुम अपने समझौते के बारे में कर रहे हो। अल्लाह ही जानता है कि तुम इसके पश्चात् क्या करोगे। यह कह कर उसने उन के साथ जाने से इन्कार कर दिया। काफ़िरों ने उसे मारना और घसीटना आरम्भ कर दिया, परन्तु अन्ततः उसके मुकाबले और उसके साहस से इतने निराश हो गए कि उन्होंने उसका वहीं वध कर दिया। शेष दो को वे साथ ले गए तथा उन्हें मक्का के क़ुरैश के हाथ दास के रूप में बेच दिया, उनमें से एक का नाम ख़ुबैब[रज़ि.] था और दूसरे का नाम ज़ैद। ख़ुबैब का ख़रीदार अपने बाप का बदला लेने के लिए जिसका ख़ुबैब ने बदर के युद्ध में वध किया था ख़ुबैब[रज़ि.] का वध करना चाहता था। एक दिन ख़ुबैब[रज़ि.] ने अपनी आवश्यकता हेतु उस्तरा मांगा, उस्तरा ख़ुबैब[रज़ि.] के हाथ में था कि घर वालों का एक बच्चा खेलता हुआ उसके पास चला गया। ख़ुबैब ने उसे उठा कर अपनी जांघ पर बैठा लिया। बच्चे की मां ने जब यह दृश्य देखा तो भयभीत हो गई और उसे विश्वास हो गया कि अब ख़ुबैब बच्चे का वध कर देगा क्योंकि

शेष ..

पृष्ठ 15 का शेष

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रहिल अज़ीज़ ने फरमाया:
एक मुसलमान पुरुष के लिए आदेश है कि वह अपनी पत्नी के साथ प्रेम और स्नेह से व्यवहार करे तथा उसकी संपत्ति और धन पर नज़र न रखे। हो सकता है कि कोई व्यक्ति नियमित रूप से अपनी नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद जाता हो, लेकिन अपने घर में अल्लाह के आदेश के अनुसार अपनी पत्नी के साथ प्रेम और स्नेह से व्यवहार न करता हो। सच तो यह है कि ऐसी स्थिति में उसकी सारी इबादतें और नमाज़ें अर्थहीन समझी जाएँगी। अल्लाह तआला इस प्रकार की उपासना और ऐसे उपासकों को पसंद नहीं करता।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रहिल अज़ीज़ ने फरमाया:
फिर इस्लाम मुसलमानों को अपने माता-पिता का ध्यान रखने और उनके साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करने का आदेश देता है। यदि वे ऐसा करने में असफल रहते हैं, तो उनकी नमाज़ों का कोई महत्व नहीं रहेगा। इसके अलावा, अल्लाह तआला ने मुसलमानों को हुक़ूक़ुल इबाद (लोगों के अधिकार) अदा करने, समस्त मानवता की सेवा करने और हमेशा न्याय से काम लेने का आदेश दिया है। यदि कोई व्यक्ति इन महत्वपूर्ण मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने में असफल रहता है, लेकिन इसके बावजूद नियमित रूप से मस्जिद आता है, तो उसकी इबादत व्यर्थ जाएगी और निराशा का कारण बनेगी।

वास्तव में अल्लाह तआला ने तो यह फरमाया है कि जो व्यक्ति उसके आदेशों का पालन नहीं करता, उसकी नमाज़ें उसी के विनाश का कारण बन जाएँगी। सच तो यह है कि यदि किसी मुसलमान की नमाज़ें उसे लोगों के अधिकारों को पूरा करने की ओर नहीं ले जातीं, तो उसकी नमाज़ों को 'वास्तविक इबादत' नहीं कहा जाएगा।

जमाअत अहमदिया के संस्थापक ने फरमाया है:
"समस्त मानवता पर दया करना और उसके साथ सहानुभूति रखना बहुत बड़ी इबादत है और अल्लाह तआला की प्रसन्नता प्राप्त करने का यह एक महान साधन है।"

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रहिल अज़ीज़ ने फरमाया:
इसलिए वास्तविक इबादत की मांग यह है कि निःस्वार्थ भाव से लोगों के अधिकार पूरे किए जाएँ। केवल अल्लाह तआला की प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए दूसरों के अधिकार अदा किए जाएँ। जब कोई व्यक्ति इस भावना के साथ कार्य करेगा, तो अल्लाह न केवल उसकी नमाज़ों को इबादत में शामिल करेगा, बल्कि उसके हर कार्य को भी इबादत में गिनेगा।

इसलिए यह बात सबके लिए स्पष्ट है कि वे देख सकें कि इन शिक्षाओं में कितनी सुंदरता है। अतः जो लोग अल्लाह तआला के आदेशों का पालन करते हैं, उनके लिए सफलता और इबादत के अनेक अवसर प्रदान किए गए हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रहिल अज़ीज़ ने फरमाया:
जो भी व्यक्ति अल्लाह की इबादत के लिए मस्जिद आए, या एक सच्चा मुसलमान जो अल्लाह तआला के सामने झुकने के लिए दिन में पाँच बार मस्जिद में प्रवेश करता है, उसे चाहिए कि वह लगातार अपना आत्म-परीक्षण करता रहे। उसे अपने आप से पूछना चाहिए कि दो नमाज़ों के बीच के समय में उसने लोगों के अधिकारों की पूर्ति के लिए कितने अच्छे कार्य किए। यदि कोई व्यक्ति लोगों के अधिकार अदा नहीं कर रहा है, तो जैसा कि मैं पहले भी कह चुका हूँ, उसकी इबादत का कोई महत्व नहीं रहेगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रहिल अज़ीज़ ने फरमाया:
यही मस्जिद की वास्तविकता है और यही एक सच्चे मुसलमान की इबादत की वास्तविकता भी है। इसलिए जिन लोगों को इस मस्जिद के निर्माण पर कोई चिंता है, या जो इस क्षेत्र में मुसलमानों के इबादत-स्थल के संभावित प्रभाव को लेकर चिंतित हैं, उन्हें निश्चिंत रहना चाहिए।

इसी प्रकार यदि कुछ लोग इस बात से चिंतित हैं कि मस्जिद के आसपास रहने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा होगी, या जो यह समझते हैं कि यह मस्जिद स्थानीय लोगों के लिए किसी डर का कारण बनेगी, तो वे भी निश्चिंत रहें कि ऐसा बिल्कुल नहीं होगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रहिल अज़ीज़ ने फरमाया:
ऐसे सभी लोगों को यह याद रखना चाहिए कि अहमदिया मुस्लिम जमाअत एक अत्यंत शांतिप्रिय जमाअत है, जो इस्लाम की वास्तविक और मानवता-से-भरी शिक्षाओं पर अमल करने का प्रयास करती है।

शेष ..

हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ का ऑस्ट्रेलिया दौरा 2013

(भाग -3)

...इसके बाद सांसद Hon. Michael Latter ने अपना संबोधन देते हुए कहा:

मैं आज अपने आपको बहुत भाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे इस कार्यक्रम में, जिसमें ख़लीफ़तुल मसीह मौजूद हैं, कुछ कहने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब मुझसे यहाँ आने से पहले आज के कार्यक्रम में बोलने का अनुरोध किया गया, तो मैंने ख़लीफ़तुल मसीह के बारे में कुछ जानकारी प्राप्त की। आदरणीय ख़लीफ़तुल मसीह के उच्च स्थान और दुनिया के जिन नेताओं से उनकी मुलाकात हो चुकी है, उसके बारे में जानकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ कि मुझे यह सौभाग्य और सम्मान मिल रहा है कि मैं ख़लीफ़तुल मसीह से मिल सकूँ। उन्होंने विशेष रूप से हुज़ूर अनवर से दुआ की भी प्रार्थना की।

उन्होंने हुज़ूर अनवर को संबोधित करते हुए कहा, "ख़लीफ़तुल मसीह! जब आप और आपकी जमाअत Love For All, Hatred For None (सबके लिए प्रेम, किसी से घृणा नहीं) के सिद्धांत को सामने रखकर काम करते हैं और जब आप पूरी दुनिया को शांति का संदेश देते हैं तथा उसे फैलाने का प्रयास करते हैं, जब आप मानव सेवा की बात करते हैं, तो मुझे यह कहने दीजिए कि आपका संदेश एक जीवंत संदेश है। आपकी कम्युनिटी इस संदेश को केवल समझती ही नहीं, बल्कि हर दिन अपने आचरण के माध्यम से इसे फैलाने का प्रयास भी करती है।"

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने एक बार फिर हुज़ूर अनवर का ऑस्ट्रेलिया और विशेष रूप से ब्रिस्बेन आने पर धन्यवाद किया तथा हुज़ूर अनवर की सेवा में एक उपहार भी प्रस्तुत किया।

...इसके बाद पुलिस कमिश्नर Ian Stewart ने अपना संबोधन प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि यह वास्तव में आश्चर्य की बात है कि आदरणीय ख़लीफ़तुल मसीह जैसे महान नेता आज हमारे बीच ब्रिस्बेन में मौजूद हैं और मैं उनका इस शहर और इस राज्य में स्वागत करता हूँ।

उन्होंने कहा, "आप लोग सोच रहे होंगे कि एक पुलिस कमिश्नर आज यहाँ क्या कर रहा है? तो मैं आपको बताना चाहता हूँ कि मैं आज यहाँ इसलिए आया हूँ ताकि ख़लीफ़तुल मसीह की मौजूदगी में खुले तौर पर यह कह सकूँ कि अहमदिया मुस्लिम कम्युनिटी, जो एक अलग संस्कृति और धार्मिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती है, हमारे साथ मिलकर काम करती है, सभी लोगों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करती है और आप लोग उच्च नैतिक साहस का प्रदर्शन करते हैं।"

उन्होंने यह भी कहा कि मैं इस बात से बहुत प्रभावित हुआ हूँ कि लोग आदरणीय ख़लीफ़तुल मसीह का कितना अधिक सम्मान करते हैं।

...इसके बाद सांसद Hon. Michael Pucci ने अपना संबोधन प्रस्तुत किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा, "मैं आदरणीय ख़लीफ़तुल मसीह का धन्यवाद करता हूँ कि आपने हमारे शहर में आकर हमें सम्मान दिया है।"

उन्होंने कहा कि अहमदिया कम्युनिटी हमारे क्षेत्र Logan का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और कठिनाई हो या समृद्धि, हर परिस्थिति में जमाअत अहमदिया क्वींसलैंड के लोगों की सेवा करती रही है। विभिन्न सेवा संस्थाओं के साथ और अलग-अलग प्राकृतिक आपदाओं के समय भी जमाअत की सेवाएँ विशेष रूप से सामने आती हैं।

सांसद ने आगे कहा कि आप लोग केवल अहमदिया कम्युनिटी के ही नहीं बल्कि लोगन (Logan) कम्युनिटी के भी प्रतिनिधि हैं। उन्होंने मानव सेवा की उस भावना की सराहना की जिसके साथ अहमदिया कम्युनिटी सेवा करती है। उन्होंने कहा कि हमारे अहमदिया कम्युनिटी के साथ पहले भी बहुत अच्छे संबंध रहे हैं और आगे भी ये संबंध और अधिक मजबूत होते रहेंगे। शांति की स्थापना के लिए हम सब आपके साथ हैं। उन्होंने अपने संबोधन का समापन Love For All, Hatred For None के संदेश के साथ करते हुए कहा कि हम सब मिलकर इसे साकार कर सकते हैं।

इसके बाद शाम 7 बजकर 10 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ संबोधन के लिए मंच पर पधारे।

संबोधन शुरू करने से पहले हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि सभी अतिथि वक्ताओं के भाषणों के बाद तालियाँ बजाई गईं, लेकिन Aunty Robyn के भाषण के बाद तालियाँ नहीं बजाई गई थीं। इसलिए सबसे पहले आंटी Robyn के लिए तालियाँ बजाइए। इसके बाद पूरे हॉल ने तालियाँ बजाईं।

ब्रिस्बेन में मस्जिद के उद्घाटन के अवसर पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ का संबोधन

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फरमाया:

सभी सम्मानित अतिथिगण! अस्सलामु अलैकुम व रहमतुल्लाहि व बरकातुहू। आप सभी पर अल्लाह तआला की रहमत हो।

आज ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन (Brisbane) में अहमदिया मुस्लिम जमाअत के लिए खुशी का दिन है, क्योंकि इस शहर में अपनी पहली मस्जिद का उद्घाटन हो रहा है। एक सच्चे मुसलमान के लिए मस्जिद का बहुत बड़ा महत्व होता है। लेकिन इस विषय पर कुछ कहने से पहले मैं आप सभी अतिथियों का दिल से धन्यवाद करना चाहता हूँ, जो इस उद्घाटन समारोह में शामिल हुए और जमाअत अहमदिया की इस खुशी में सहभागी बने।

इस्लाम से संबंध न होने के बावजूद आप सभी का मुसलमानों के इबादत-स्थल के उद्घाटन समारोह में शामिल होना आपकी उदारता, सहिष्णुता और उच्च नैतिक मूल्यों का प्रमाण है। इस संबंध में आपका जितना भी धन्यवाद किया जाए, कम है। वास्तव में धन्यवाद करना ही इस मस्जिद के वास्तविक उद्देश्यों को पूरा करने और इसके अधिकारों को निभाने का एक माध्यम है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फरमाया:

एक सच्चे मुसलमान के लिए, जो अल्लाह तआला की प्रसन्नता को अपनी ज़िंदगी का उद्देश्य मानता है, आवश्यक है कि वह ऐसे कार्य करे जिनसे अल्लाह की प्रसन्नता प्राप्त हो। निस्संदेह, धन्यवाद देना और कृतज्ञ होना भी अल्लाह को प्रसन्न करने तथा उसकी रहमतें और बरकतें प्राप्त करने का एक तरीका है। अल्लाह तआला ने पवित्र क़ुरआन में स्पष्ट रूप से फरमाया है कि यदि कोई व्यक्ति अल्लाह का शुक्र अदा करेगा, तो अल्लाह उसे और अधिक इनामों से नवाज़ेगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फरमाया:

हमारे विश्वास के अनुसार पवित्र क़ुरआन, जो हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर अवतरित हुआ, शरीअत की अंतिम पुस्तक है और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ही उसकी शिक्षाओं को सबसे अच्छी तरह समझने वाले थे। निस्संदेह, क़ुरआन का पूर्ण ज्ञान और गहरी समझ केवल आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को ही प्राप्त थी और आपने ही शुक्र अदा करने के महत्व को स्पष्ट रूप से बताया है। इसलिए, जहाँ एक ओर धन्यवाद देने की शिक्षा मनुष्य को उच्च नैतिक स्तर की ओर ले जाती है, वहीं यह एक सच्चे मुसलमान को अल्लाह तआला का निकटता भी प्रदान करती है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फरमाया:

इसी संदर्भ में, जहाँ यह मस्जिद हमें इस बात पर अल्लाह का शुक्र अदा करने की ओर ध्यान दिलाती है कि उसने लंबे इंतज़ार के बाद हमें इस क्षेत्र में इबादत के लिए एक स्थान प्रदान किया, वहीं यह मस्जिद हमें इस बात की भी याद दिलाती है कि हम आप सभी का धन्यवाद करें, जो हमारी खुशी के इस अवसर में शामिल हुए।

इस अवसर का लाभ उठाते हुए मैं उन सभी स्थानीय लोगों का भी धन्यवाद करना चाहता हूँ जिन्होंने इस मस्जिद के निर्माण में हमारी सहायता की। इस क्षेत्र में रहने वाले लोग विशेष रूप से हमारे धन्यवाद के पात्र हैं, क्योंकि यदि हमारे इन नए पड़ोसियों ने अपनी सहमति न दी होती, तो हम यह मस्जिद नहीं बना सकते थे। इसलिए आप सभी का धन्यवाद।

इसी प्रकार मैं स्थानीय परिषद (Local Council) के सदस्यों और मेयर का भी धन्यवाद करना चाहता हूँ कि उन्होंने हमें मस्जिद बनाने के लिए स्थान उपलब्ध कराया, ताकि हम सब एक साथ मिलकर एक ईश्वर की उपासना कर सकें।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फरमाया:

निस्संदेह, एक सच्चे मुसलमान के लिए अल्लाह तआला की इबादत का बहुत अधिक महत्व है। निश्चित रूप से, अल्लाह तआला के आदेश के अनुसार एक मुसलमान के लिए प्रतिदिन पाँच बार अपने पालनहार के सामने झुकना एक महत्वपूर्ण कर्तव्य है, लेकिन यह इबादत का केवल एक पक्ष है। वास्तव में, हर सच्चे मुसलमान के लिए अल्लाह तआला की इबादत केवल अनिवार्य नमाज़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका अर्थ इससे कहीं अधिक व्यापक है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फरमाया:

हम अहमदी मुसलमान इस बात पर विश्वास रखते हैं कि अहमदिया मुस्लिम जमाअत के संस्थापक हज़रत मिर्ज़ा गुलाम अहमद क़ादियानी अलैहिस्सलाम ही मसीह माऊद और इमाम महदी हैं। हमारा ईमान है कि अल्लाह तआला ने उन्हें इस युग में हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की दी हुई शिक्षाओं को फैलाने के लिए भेजा है। इसलिए हज़रत मसीह माऊद अलैहिस्सलाम ने बड़ी स्पष्टता के साथ इबादत की अवधारणा को समझाया है और उसकी वास्तविकता तथा महत्व को विस्तार से बयान किया है। मैं कुछ उदाहरणों के माध्यम से इबादत की वास्तविकता को स्पष्ट करूँगा।

शेष पृष्ठ 14 पर

Editor: Shaikh Mujahid Ahmad
Dy. Editor: Syed Mohiuddin Farid
Editor : +91-9915379255
akhbaarbadarhindiqdn@gmail.com
www.akhbarbadr.in

REGISTERED WITH THE REGISTRAR OF THE NEWSPAPERS FOR INDIA AT NO RN PUNHIN/2016/70553
Weekly **BADAR** *Qadian*
Qadian - 143516 Distt. Gurdaspur (Pb.) INDIA
POSTAL REG. No.GDP 45/ 2026-2028 Vol. 11 Thursday 20-27 August 2026 Issue No. 34-35

Act. Manager
Athar Ahmad Shamim
Mobile : +91-9815639670
e -mail:managerbadrqnd@gmail.com
www.alislam.org/badr

ANNUAL SUBSCRIPTION : Rs. 600/- (Per Issue : Rs. 12/-) (WEIGHT: 20-50 gms/issue)

सीरतुल-महदी

(लेखक: हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब एम.ए रज़ियल्लाहु अन्हु)

{97}बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम।

मुझसे मियाँ अब्दुल्लाह साहिब सनौरी ने बयान किया कि जब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने 1889 में लुधियाना में बैअत का ऐलान किया, तो बैअत लेने से पहले आप शेख मेहर अली, रईस होशियारपुर, के बुलावे पर उनके बेटे की शादी में शामिल होने के लिए होशियारपुर तशरीफ़ ले गए। मेरे साथ मीर अब्बास अली और शेख हामिद अली भी थे। रास्ते में इक्के पर सफर करते हुए हुज़ूर ने हमें अपने उस चिल्ले (एकांत साधना) का हाल सुनाया, जिसमें आपने लगातार छह महीने तक रोज़े रखे थे। हज़रत साहिब फरमाते थे कि मैंने एक छींका (रस्सी से लटकने वाली टोकरी) रखा हुआ था। उसे मैं अपने चोबारे से नीचे लटका देता था, उसमें मेरी रोटी रख दी जाती थी, फिर मैं उसे ऊपर खींच लेता था।

मियाँ अब्दुल्लाह साहिब कहते थे कि शेख मेहर अली ने यह व्यवस्था की थी कि दावत में खाने के समय बड़े लोगों के लिए अलग कमरा था और उनके साथियों तथा सेवकों के लिए अलग कमरा था। लेकिन हज़रत साहिब का यह नियम था कि अपने साथ रहने वालों को हमेशा अपने साथ ही बिठाते थे। इसलिए इस अवसर पर भी आप हम तीनों को स्वयं अंदर जाने से पहले कमरे में भेजते थे, फिर खुद अंदर आते थे और हमें अपने दाएँ-बाएँ बिठाते थे।

उन्हीं दिनों होशियारपुर में मौलवी महमूद शाह छछ हज़ारवी का व्याख्यान हो रहा था। वह बहुत प्रसिद्ध, नामी और लोकप्रिय वक्ता था। हज़रत साहिब ने मेरे हाथ बैअत का इश्तिहार देकर उसके पास यह संदेश भिजवाया कि आप अपने व्याख्यान के दौरान किसी उचित अवसर पर मेरा यह बैअत वाला इश्तिहार पढ़कर सुना दें, और मैं स्वयं भी आपके व्याख्यान में आऊँगा। उसने वादा कर लिया।

इसलिए हज़रत साहिब उसके व्याख्यान में तशरीफ़ ले गए, लेकिन उसने वादा पूरा नहीं किया। उसने हुज़ूर का इश्तिहार व्याख्यान के दौरान नहीं सुनाया, बल्कि उस समय पढ़ा जब लोग उठकर जाने लगे थे। उस समय तक अधिकांश लोग जा चुके थे। इस पर हज़रत साहिब को बहुत दुःख हुआ। आपने फरमाया, "हम तो केवल उसके वादे पर भरोसा करके उसके व्याख्यान में आए थे कि हमारी तबलीग होगी, वरना हमें वहाँ आने की क्या आवश्यकता थी। उसने वादा तोड़ा है।"

मियाँ अब्दुल्लाह साहिब कहते थे कि फिर थोड़े ही समय के भीतर वही मौलवी चोरी के आरोप में फँस गया और बहुत अपमानित हुआ।

{98}बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम।

मुझसे मियाँ अब्दुल्लाह साहिब सनौरी ने बयान किया कि जब हज़रत साहिब ने लुधियाना में पहले दिन बैअत ली, तो उस समय आप एक कमरे में बैठ गए थे और दरवाज़े पर शेख हामिद अली को नियुक्त कर दिया था। उन्हें यह भी कह दिया था कि जिनका नाम मैं लेता जाऊँ, उन्हें कमरे के अंदर बुलाते जाओ।

इसलिए आपने सबसे पहले हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल को बुलाया। उनके बाद मीर अब्बास अली को, फिर मियाँ मुहम्मद हुसैन मुरादाबादी खुशनवीस[1] को, और चौथे नंबर पर मुझे बुलाया। उसके बाद एक-दो और लोगों को नाम लेकर अंदर बुलाया। फिर शेख हामिद अली से कहा कि अब एक-एक व्यक्ति को स्वयं अंदर भेजते जाओ।

ख़ाकसार निवेदन करता है कि शुरुआत में हुज़ूर हर व्यक्ति से अलग-अलग बैअत लेते थे, लेकिन बाद में सबकी बैअत एक साथ लेने लगे।

मियाँ अब्दुल्लाह साहिब ने यह भी बयान किया कि पहले दिन जब आपने बैअत ली, तो वह तारीख़ 20 रजब 1306 हिजरी, अनुसार 23 मार्च 1889[2] थी। उस समय बैअत के शब्द इस प्रकार थे—

"आज मैं अहमद के हाथ पर अपने सभी गुनाहों और बुरी आदतों से तौबा करता हूँ, जिनमें मैं पहले पड़ा हुआ था। और सच्चे दिल तथा दृढ़ निश्चय के साथ वचन देता हूँ कि जहाँ तक मेरी शक्ति और समझ होगी, मैं अपनी जीवन की अंतिम साँस तक सभी गुनाहों से बचता रहूँगा। मैं दीन को दुनिया की आराम-तलबी और अपने मन की इच्छाओं पर प्राथमिकता दूँगा, और 12 जनवरी को प्रकाशित दस शर्तों पर अपनी पूरी सामर्थ्य के अनुसार अमल करता रहूँगा। साथ ही अपने पिछले सभी गुनाहों की अल्लाह तआला से माफी माँगता हूँ।"

"अस्तग़फ़िरुल्लाह रब्बी, अस्तग़फ़िरुल्लाह रब्बी, अस्तग़फ़िरुल्लाह रब्बी मिन कुल्लि ज़म्बिन व अतूबु इलैहि। अश्हदु अल्ला इलाहा इल्लल्लाहु वह्दहू ला शरीक लहू, व अश्हदु अन्ना मुहम्मदन अब्दुहू व रसूलुहू। रब्बि इन्नी ज़लम्तु नफ़्सी वअ'तरफ्तु बि ज़म्बी, फ़ग़फ़िर ली ज़ुनूबी, फ़इन्नहू ला यग़फ़िरुज़-ज़ुनूबा इल्ला अन्त।"

ख़ाकसार निवेदन करता है कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम सामान्यतः बैअत करने वालों का हाथ अपने हाथ में लेकर हाथ मिलाने के तरीके से बैअत लेते थे। लेकिन कुछ लोगों से आपने हथेली के ऊपर कलाई पकड़कर भी बैअत ली थी। इसलिए हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल फरमाते थे कि मेरी बैअत आपने इसी प्रकार ली थी।

इसके अतिरिक्त ख़ाकसार निवेदन करता है कि मियाँ अब्दुल्लाह साहिब बयान करते थे कि पहली बैअत के दिन मौलवी अब्दुल करीम साहिब भी वहीं मौजूद थे, लेकिन उन्होंने उस समय बैअत नहीं की।

(अधिक विवरण के लिए देखें: उर्दू भाग द्वितीय, रिवायत संख्या 315 ,309)

पृष्ठ 2 का शेष

शेष ..

ए-राशिदीन थे। मैं भी अपने ख़ुत्बों में इसका उल्लेख करता रहा हूँ। युद्धों के दौरान हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ सबसे अधिक ख़तरनाक स्थानों पर होते थे। स्वयं हज़रत अली फ़रमाते हैं कि मैं भी ऐसे स्थान पर नहीं होता था।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने तो यज़ीद को "पलीद" (अपवित्र) लिखा है। इस विषय में आप हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ियल्लाहु अन्हु की छोटी पुस्तक "इस्लाम में इख़्तिलाफ़ात का आग़ाज़" पढ़ें। इसी प्रकार हज़रत अली के बारे में भी उनकी एक पुस्तक है, उसे भी पढ़ें।

एक प्रश्न किया गया:

हम लोग जमाअत और पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श कैसे बन सकते हैं?

हुज़ूर ने फ़रमाया: कल ही मैंने इसका तरीका बताया है। यदि आप बैअत की शर्तों पर अमल कर लें, तो यही सबसे बड़ा आदर्श है। बहुत से लोग कहते हैं कि हमने अहमदियों का व्यवहारिक नमूना देखकर बैअत की है।

हुज़ूर ने फ़रमाया: पिछले दिनों मैंने दावत इलल्लाह के विषय पर ख़ुत्बा दिया था। उसमें भी मैंने कहा था कि अपना आदर्श व्यवहार दिखाएँ।

इस अवसर पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने एक मौलवी का प्रसंग सुनाया था। उस मौलवी ने मस्जिद में आर्थिक कुर्बानी के लिए भाषण दिया। उसके भाषण से प्रभावित होकर उसकी पत्नी ने अपने सोने के कड़े चंदे में देने के लिए उसे दे दिए। तब मौलवी साहब ने कहा कि मैंने तो यह बात केवल लोगों की भावनाएँ जगाने के लिए कही थी, यह हमारे लिए नहीं थी।

हुज़ूर ने फ़रमाया:

जब ऐसे कर्म करने वाले लोग होंगे, तो उनका क्या प्रभाव पड़ेगा? जबकि हमारे यहाँ तो हर व्यक्ति आर्थिक कुर्बानी करता है। मैं भी करता हूँ और आप लोग भी करते हैं।

हुज़ूर अक़दस की उपर्युक्त ऑनलाइन मुलाक़ात का सार प्रस्तुत करते हुए जमाअत के सभी सदस्यों, विशेष रूप से ख़ुद्दाम से अनुरोध किया जाता है कि वे एम.टी.ए. पर इस कार्यक्रम को अवश्य सुना करें और दूसरों को भी सुनाएँ।

अल्लाह तआला हम सभी को यह तौफ़ीक़ प्रदान करे कि हम अपने प्यारे इमाम के पवित्र वचनों को ध्यानपूर्वक सुनें और उन पर पूरे दिल और जान से अमल करें। वबिल्लाहि तौफ़ीक़।

★ ★ ★

Printed & Published by: Jameel Ahmed Nasir on behalf of Nigran Board of Badar. Name of Owner: Nigran Board of Badar. And printed at Fazle-Umar Printing Press. Harchowal Road, Qadian, Distt. Gurdaspur-143516, Punjab. And published at office of the Weekly Badar Mohallah - Ahmadiyya, Qadian Distt. Gsp-143516, Punjab. India. Editor:Shaikh Mujahid Ahmad